* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 157

राहुल को सरकारी बंगला खाली करना होगा, लोकसभा की हाउसिंग कमेटी ने भेजा नोटिस



## सीएम के हाथों 130 छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

# मेधावियों का उत्साहवर्द्धन जरूरी, बौद्धिक क्षमता में भी झारखंड आगे है : हेमंत सोरेन

- जैक, सीबीएसइ और आइसीएसइ बोर्ड परीक्षा के टॉपरों के साथ स्टेट ओलंपियाड के टॉपरों को मिला लैपटॉप, स्मार्ट फोन और नगद पुरस्कार



**सीएम ने दो कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों में बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए आयोजित खेलो झारखंड एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित कला उत्सव की जानकारी और उपलब्धियों को समेटे कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया। पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो द्वारा प्रेषित संदेश भी पढ़ा गया।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज राज्य सरकार ने आने वाली पीढ़ी के लिए एक नयी योजना प्रारंभ की है। आज राज्य के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया जा रहा है। हमारी सरकार की सोच है कि झारखंड के बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया जाये, चाहे वे यहां के सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हों, सीबीएसइ या आइसीएसइ बोर्ड की पढ़ाई कर रहे हों। जो बच्चे शिक्षा को लेकर गंभीरतापूर्वक पढ़ाई करते हैं, उनके उत्साह को मजबूती प्रदान करने और शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड सरकार ने यह योजना शुरू की है, ताकि बच्चे और होनहार बनें। मुख्यमंत्री सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह (जैक/सीबीएसइ/आइसीएसइ बोर्ड परीक्षा 2022 में झारखंड के प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय तृतीय स्थान प्राप्त तथा स्टेट ओलंपियाड के प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**बच्चों का उत्साहवर्द्धन जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरस्कार वितरण योजना का उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कर रहे बच्चों का उत्साहवर्द्धन करना है। शिक्षा विभाग ने इस कार्य को आज पूर्ण रूप दिया है। वर्तमान समय में अच्छे स्कूल तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए पैसों की जरूरत एवं पढ़ाई के लिए लैपटॉप और मोबाइल आवश्यक है। इसके जरिये वे तकनीकी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। राज्य सरकार मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरस्कार के रूप में ये सब जरूरत की चीजें प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इन बच्चों के अभिभावकों को भी सहयोग करने का प्रयास कर रही है, ताकि 10वीं और 12वीं के बाद की सीढ़ी के लिए उन्हें अधिक चिंता करने की जरूरत न पड़े और होनहार बच्चों को मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में यहां के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता देखने को मिली। उसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है। आज होनहार बच्चे सम्मानित हुए हैं। इन बच्चों की क्षमता को देखते हुए लगता है, आने वाले दिनों में इससे अधिक संख्या में बच्चे सामने आ सकते हैं। उन सभी को सरकार सम्मान देगी, ताकि वे बेहतर कर सकें।

**झारखंड सिर्फ खनिज संपदा में नहीं, बल्कि बौद्धिक क्षमता में भी आगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ खनिज संपदा में ही नहीं, बल्कि बौद्धिक क्षमता में भी आगे रहने की काबिलियत रखता है। यही वजह है कि जिन बच्चों को सरकार ने निः शुल्क उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा था, वे अब अपने पैर पर खड़े हो रहे हैं। विदेश पढ़ाई करने गये कई बच्चों ने विदेशों में ही नौकरी पायी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने 130 छात्र-छात्राओं के बीच 1.32 लाख रुपये की नगद राशि, लैपटॉप और स्मार्ट फोन सम्मान स्वरूप प्रदान किया।

**ये रहे उपस्थित :** समारोह में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, जैकके अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं राज्य भर से पहुंचे पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# विपक्ष का ब्लैक प्रोटेस्ट

## सोनिया भी काले कपड़े पहन कर संसद पहुंचीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अडाणी मामले को लेकर विपक्ष ने सोमवार को ब्लैक प्रोटेस्ट किया। इसमें 17 विपक्षी दल शामिल हुए। सोनिया गांधी भी काले कपड़े पहन कर संसद पहुंचीं। उधर, लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने भारी हंगामा किया। एक सांसद तो लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के आसन तक पहुंच गये और काला कपड़ा लहराने लगे। यह देख स्पीकर सभा को स्थगित कर चले गये। दरअसल, सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे राज्यसभा की कार्यवाही को दो बजे तक और लोकसभा की कार्यवाही को चार बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही और चार बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन हंगामे के कारण इन्हें मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**लोकतंत्र के लिए काला अध्याय :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को ट्वीट किया- 'लोकतंत्र के लिए 'काला अध्याय' ! पहली बार सत्ता पक्ष संसद को ठप कर रहा है। क्यों? क्योंकि मोदी जी के परम मित्र के काले कारनामे उजागर हो रहे हैं! एकजुट विपक्ष जेपीसी की मांग पर कायम रहेगा।'

**कांग्रेस की ऑल-पार्टी मीटिंग में पहली बार शामिल हुई टीएमसी :** खड़गे ने संसद की कार्यवाही शुरू होने के पहले अपने चैंबर में विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक रखी। इसमें कांग्रेस, डीएमके, सपा, जेडीयू, बीआरएस, सीपीएम, आरजेडी, एनसीपी, सीपीआइ, आप और टीएमसी समेत 17 पार्टियां शामिल हुईं। इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस का आना चौंकाने वाला रहा।

## राजीव अरुण एक्का से आठ घंटे चली पूछताछ

# वीडियो और दस्तावेज के आधार पर किये गये सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से सोमवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान उनसे कई सवाल पूछे गये। सुबह 11.30 बजे शुरू हुआ पूछताछ का सिलसिला देर शाम साढ़े आठ बजे तक चला। दोपहर को एक घंटे के लिए सिलसिला रोका गया था।

1994 बैच के झारखंड कैडर के आइएएस राजीव अरुण एक्का पूर्व निर्धारित समय पर हिनू एयरपोर्ट रोड स्थित इडी दफ्तर पहुंचे। इडी की टीम ने उनसे जानना चाहा कि मनी लांड्रिंग के आरोपी विशाल चौधरी के पास से उनके विभाग के आधिकारिक दस्तावेज कैसे मिले। उनसे और पूछताछ किये जाने की संभावना है, क्योंकि पूरा ब्योरा सामने नहीं आया है। जानकारी के अनुसार इडी की टीम ने एक्का को वह वीडियो भी दिखायी, जिसमें वह विशाल चौधरी के साथ नजर आ रहे हैं। इडी ने उन्हें वह वीडियो भी दिखायी, जिसमें वह सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उनके बगल में एक महिला खड़ी है, जो कथित तौर पर विशाल चौधरी की कर्मचारी है। वीडियो के बैकग्राउंड में किसी व्यक्ति को कुछ भुगतान के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है। उस व्यक्ति के बारे में कहा जा रहा है कि वह विशाल चौधरी है। इडी ने उनसे अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग में विशाल चौधरी की संलिप्तता के बारे में भी पूछा।

G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, राँची एवं छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सोसाईटी की प्रस्तुति
प्रायोजक
आयोजक
गांधी शिल्प बाजार-2023
बाजार 13 मार्च से 30 मार्च 2023 तक
समय : अपराह्न 11.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक
प्रवेश निःशुल्क
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची, झारखण्ड
प्रायोजक : विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
आयोजक : छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सोसाईटी
हवाई नगर, राँची, झारखण्ड
Ad.profile/RN/Ranchi

PRODUCING TOPPERS SINCE INCEPTION
MOST EXPERIENCED AND RENOWNED TEACHERS OF JHARKHAND ON A SINGLE PLATFORM
IIT-JEE | MEDICAL (NEET) | FOUNDATION
"Don't limit your challenges, challenge your limits"
Legacy of Complete Dominance & Supremacy Continues
JEE MAIN, 2023 (JAN) RESULT
99.954747433 Percentile
PRATIK RATAN
FOUR YEAR CLASSROOM PROGRAM



MORE THAN 500 SUCCESSFUL STUDENTS
99% Percentile above 17 Students
98% Percentile above 38 Students
95% Percentile above 63 Students
90% Percentile above 197 Students
BEST RESULTS IN JEE ADVANCED
YUGESH AJIT KOTHARI AIR - 120
VINAYAK TRIVEDI AIR - 147
MOHIT KUMAR GUPTA AIR - 150
ANIRUDH ANIL OJHA AIR - 172
AYUSH KUMAR AIR - 194
SANTANU AIR - 196
AKSHAT KUMAR AIR - 290
ADARSH RAJ AIR 344
RUDRESH RAJ VERMA AIR 422
B. ANSHUMAN AIR 651
UJJAWAL DUBEY AIR - 731
OM SHUBHAM PATI AIR - 830
ABHAS JAIN AIR - 956
SHUBHAM ANAND AIR - 1092
HARSHIT AGARWAL AIR - 1363
DEEPAK SOMANI AIR - 1553
SHIVAM KUMAR AIR - 1559
HARSH AIR - 1627
RESULT FROM NEET (FIRST YEAR)
KRITIKA R. JHA AIR - 5951
ISHITA ANAND AIR - 15097
ADMISSION OPEN CALL - 9798131064
Long Term Class Room Programme
for Class 7th | 8th | 9th | 10th | 11th | 12th & 12th Pass
Get upto 100% Scholarship
Appear for Scholarship cum Admission Test
25th, 29th March and 2nd, 9th & 15th April, 2023
For Free Online & Offline Registration
www.champsquare.co.in/genesis/ for offline visit our centres
Batch Starting from 7th April
Win exciting prizes just attempt test by scanning QR Code and analyse your competitive exam potential
Brain Vita Analizer
CHAMP Square
Sharing Dreams - Nurturing Talents - Producing Champions
JEE (MAIN & ADVANCED) - NEET - FOUNDATION
CHAMP SQUARE (LALPUR) : Sunrise Forum, 2nd Floor, (Debuka Nursing Home Lane) Circular Road, Ranchi-1,Tel : 9798131064, 7360016500,
CHAMP SQUARE (DORANDA) : Dashmesh Apartment, 1st Floor Near A.G. Office North Office Para, Doranda, Ranchi. - Tel : 9798131064, 7360016500

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |



## चर्चा : राहुल गांधी प्रकरण पर चुप्पी के बाद से ही उठने लगे हैं सवाल

# क्या फिर पलटी मारने की तैयारी में हैं नीतीश कुमार!

## ■ भाजपा नेता संजय मयूख के घर जाने से 'प्रसाद पॉलिटिक्स' की चर्चा

## ■ बिहार की राजनीति के नये 'मौसम वैज्ञानिक' बनते जा रहे हैं सुशासन बाबू

आजाद सिपाही विशेष

**राजनीति भी अजीब फंडा है और फिर यदि वह बिहार की राजनीति हो, तो इसके तो जलवे ही अलग हैं। यहां के नेताओं की हर गतिविधि के पीछे कुछ न कुछ सियासी मतलब निकाला जाता है। इसलिए बिहार में राजनीति की संभावनाएं किसी भी दूसरे राज्य के मुकाबले अधिक संवेदनशील होती हैं। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही ले लीजिए। वह चैती छठ महापर्व के मौके पर भाजपा के विधान पार्षद संजय मयूख के सरकारी आवास पर खरना का प्रसाद लेने पहुंचे थे। सीएम कुछ देर वहां रुके, बातचीत की और खरना प्रसाद खाकर वापस चले गये। इस पूरे प्रकरण में प्रत्यक्ष रूप से कोई सियासी बात दिखायी नहीं देती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार के रुख में जो बदलाव देखा जा रहा है, उससे इस 'प्रसाद पॉलिटिक्स' की चर्चा भी जोर पकड़ने लगी है। अब इस बात की संभावना देखी जाने लगी है कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मारने की तैयारी कर रहे हैं। यह सवाल पूरी तरह खारिज किये जाने लायक भी नहीं है, क्योंकि पहले तेजस्वी से सीबीआइ की पूछताछ और फिर राहुल गांधी प्रकरण पर नीतीश कुमार की चुप्पी ने इस संभावना को हवा दे दी है। इतना ही नहीं, रामचरित मानस विवाद और राजद विधायक सुधाकर सिंह के मुद्दे पर राजद के रुख को भी नीतीश भूल नहीं पाये हैं। ऐसे में उन्हें बिहार का नया 'मौसम वैज्ञानिक' बताया जा रहा है, जो 2024 में अपनी छिपी हुई महत्वाकांक्षा को पूरा होने का सपना देखने लगे हैं। बिहार की राजनीति में आये इस नये ट्विस्ट का पूरा विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



उगते सूरज को हर कोई नमस्कार करता है, लेकिन बिहार का छठ अकेला ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते सूरज का महत्व उग रहे सूर्य से कम नहीं है। सूर्य उपासना का ऐसा ही एक और पर्व चैती छठ बिहार में मनाया जा रहा है और इस राज्य की सियासत की धुरी कई बार इन्हीं 'उत्सवी कूटनीति' से गति पाती आयी है। इस वक्त बिहार की राजनीति के केंद्र में हैं सीएम नीतीश कुमार और उनके चारों तरफ अटकलों का एक नया घेरा हर दिन बनता जा रहा है। कहा जा रहा है कि सीएम नीतीश अपना सियासी रथ जिस दिशा में हांक रहे हैं, बड़ी ही जल्दी उससे यू-टर्न लेने वाले हैं, यानी सुशासन बाबू एक बार फिर पलटी मारने की तैयारी में हैं।

### संजय मयूख के घर पहुंचे थे सीएम नीतीश

इस बात की अटकलों में और तेजी रविवार शाम से आयी है, जब सीएम नीतीश भाजपा नेता संजय मयूख के घर खरना का प्रसाद खाने पहुंच गये। खरना चार दिन चलने वाले चैती छठ पर्व का दूसरा दिन होता है, जिसमें व्रती महिलाएं दिन भर व्रत रख कर शाम को सूर्यदेव और छठी माता को भोग लगा कर गुड़ के रस से बनी खीर और रोटी का प्रसाद बांटती हैं और फिर खुद भी खाती हैं। खरना के प्रसाद का महत्व इसलिए है, क्योंकि यह अधिक से अधिक लोगों में बांटने की कोशिश होती है और जो भी यह प्रसाद खा लेता है, ऐसा मानते हैं कि उससे कोई बैर नहीं रहा, वह अपनी ही जमात का आदमी हुआ।

राहुल गांधी मामले में चुप क्यों हैं सीएम नीतीश कुमार

इस पलटी मारने वाले कथन को बल बीते गुरुवार को भी मिला, जब राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता छिन गयी थी। इस मामले में हर राजनीतिक दल और राजनेता की प्रतिक्रिया आयी, लेकिन सीएम नीतीश चुप्पी साधे रहे। सवाल उठता है कि क्या सीएम नीतीश कुमार भाजपा के साथ अपने चल रहे खट्टे-कड़वे रिश्ते को कूलिंग ऑफ पीरियड की ओर लेकर जा रहे हैं। एक बार फिर लौटते हैं, संजय मयूख के घर, जहां सीएम नीतीश हंसते-मुस्कुराते लोगों से मिल रहे हैं। सीएम नीतीश यहां अकेले नहीं गये, बल्कि बड़े दल-बल के साथ पहुंचे थे। इस मौके पर वित्त मंत्री विजय चौधरी और कई अन्य बड़े नेता भी उनके साथ थे।

### भाजपा नेता के घर जाने के क्या हैं मायने

सवाल यह है कि नीतीश का संजय मयूख के घर जाना इतना सियासी महत्व क्यों पा रहा है? इसकी वजह है कि डॉ संजय मयूख बिहार में भाजपा के विधान पार्षद हैं। दूसरे वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। इस लिहाज से अगर सीएम नीतीश प्रचलित अटकलों के मुताबिक पलटी मारने ही वाले हैं, तो इस क्रिया में जिस संभावित दरवाजे को उन्हें खटखटना है, बिहार में उसकी कुंडी संजय मयूख के पास है।

### याद आती है अप्रैल 2022 की वो एक शाम

खरना के बारे में इस मान्यता के बाद यह सवाल तो बनता ही है कि क्या सीएम नीतीश भाजपा नेता संजय मयूख के घर इसी वादे-इरादे के साथ पहुंचे थे कि वह साबित कर सकें कि वह भाजपा से अलग नहीं हैं, या फिर उन्हें अलग नहीं समझा जाये। इस पूरे आयोजन की जिस तरह की तस्वीरें आयी हैं, वे कुछ साफ-साफ तो नहीं कहतीं, लेकिन सीएम नीतीश की बॉडी लैंग्वेंज को लेकर कुछ इशारा जरूर करती हैं। वह हाथ जोड़े हुए, हंसते-मुस्कुराते हुए संजय मयूख के घर पहुंचे हैं। लोगों से गर्मजोशी से मिल रहे हैं। उनका यह अंदाज अप्रैल 2022 की याद दिलाता है।

### जब इफ्तार के लिए राबड़ी आवास पहुंचे थे सीएम नीतीश

अप्रैल 2022 में बिहार में पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया था। इस दौरान सीएम नीतीश बिहार से लेकर केंद्र की सत्ता तक को चौंकाते हुए इसी हाथ जोड़े हुए अंदाज में राबड़ी आवास तक पैदल गये थे। इसके ठीक दो दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा था और सीएम नीतीश का इस दौरान राबड़ी आवास जाना बड़ा सियासी संकेत था। यह 'उत्सवी राजनीति' पूरी तरह अगस्त में खुल कर आयी, जब एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत नीतीश ने एनडीए से दामन छुड़ा लिया और राजद का साथ लेकर महागठबंधन में शामिल हो गये। इसके साथ ही उन्होंने फिर से एक बार सीएम पद की शपथ ली।

### बिहार की सियासत में उथल-पुथल

इसके बाद से बिहार की सियासत में उथल-पुथल जारी है। अंदरखाने की हलचल बता रही है कि राजद-जदयू में सब कुछ ठीक नहीं है। राजद के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह हाथ धोकर सीएम नीतीश के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उधर, उपेंद्र कुशवाहा ने जनवरी 2023 में यह कह कर हलचल मचा दी कि सीएम नीतीश और राजद में कोई डील हुई है। इस डील की बाबत कहा जाता है कि नीतीश बस कुछ ही दिन सीएम रहेंगे, फिर कुर्सी तेजस्वी को दे देंगे। राजद की ओर से कई बार सीएम नीतीश को पीएम मेटेरियल बता कर बहाने से यह भी कहा गया है कि वह 2024 की समग्र तैयारी करें, बिहार के सीएम की कुर्सी तेजस्वी के लिए छोड़ दें। जगदानंद सिंह ने जनवरी में कहा था कि लालू यादव में वह ताकत है कि वह नीतीश कुमार को पीएम बना सकते हैं। राजद के मंत्री मृत्युंजय तिवारी भी कह चुके हैं कि तेजस्वी यादव सीएम बनने वाले हैं। इधर लालू परिवार के खिलाफ जांच एजेंसियों की तेजी और उन लोगों पर लग रहे आरोप से भी सुशासन बाबू का चेहरा असहज मजसूस कर रहा है। जिस तरह से सुशील मोदी लालू परिवार के खिलाफ आरोपों का पुलिंदा जारी कर रहे हैं, उससे कहीं न कहीं नीतीश की छवि को धक्का लग रहा है।

### राजद में लगातार हो रही तेजस्वी को सीएम बनाने की बात

17 जनवरी के ही एक वाकये को याद करें, बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने अपने एक ट्वीट में लिखा, 'बुनियादी संसाधन, उचित पाठन, शिक्षित बिहार-तेजस्वी बिहार'। उनके इस ट्वीट में 'तेजस्वी' आ जाने से इसके कई मायने निकाले गये। इधर उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा नेता भी बार-बार दोहराते रहे हैं कि नीतीश कुमार एक बार और पलटी मारेंगे। इससे पहले अक्टूबर 2022 में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी दावा कर चुके हैं कि सीएम नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मारेंगे। उन्होंने कहा था कि महागठबंधन में भाजपा और पीएम मोदी को हराने की ताकत नहीं है। सीएम नीतीश एक बार फिर पलटी मारेंगे। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी भी कई मौकों पर ऐसी ही बात कह चुके हैं। दिसंबर 2022 में जहरीली शराब मामले में सीएम को घेरते हुए सुशील मोदी ने कहा था कि जो पलटी मारेगा, वह क्या सरकार चलायेगा।

### नीतीश की भाजपा नेताओं से नजदीकियां

हाल के दिनों में नीतीश कुमार की भाजपा नेताओं से नजदीकियां बढ़ी हैं। पिछले दिनों सीएम नीतीश पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल होने उनके घर गये थे। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनकी फोन पर बातें हुईं। नीतीश यह भी समझ चुके हैं कि भाजपा उनके अति पिछड़ा वोट बैंक को तेजी से कमजोर कर रही है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री खुद को महागठबंधन में असहज महसूस कर रहे हैं। ऐसे में वह लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन बदलने का फैसला ले सकते हैं। ऐसे में अब देखना यह है कि सीएम नीतीश कितने दिन में सारी अटकलों को सच साबित करते हुए मौजूदा दिशा से 'यू-टर्न' लेते हैं। हालांकि सीएम नीतीश के मन में क्या है यह किसी को नहीं पता है।

---

# अतीक पहुंचा नैनी जेल, आज कोर्ट में पेशी

**23 घंटे 30 मिनट में पूरा किया 1300 किमी का सफर, आठ बार रुका काफिला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**अहमदाबाद/ लखनऊ।** उमेश पाल मर्डर केस का आरोपी गैंगस्टर अतीक अहमद सोमवार शाम साढ़े पांच बजे प्रयागराज के नैनी जेल पहुंचा। अतीक का बेटा भी इसी जेल में बंद है। अतीक को उमेश पाल किडनैपिंग केस में मंगलवार को स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया जायेगा। उसके भाई को भी इसी केस में पुलिस बरेली से प्रयागराज लेकर आ रही है।

इससे पहले 26 मार्च को सुबह यूपी एसटीएफ के अफसर और 30 हथियारबंद जवान अहमदाबाद पहुंचे और शाम 4 बजे तक गुजरात पुलिस से अतीक की कस्टडी ली। पांच बज कर 44 मिनट पर अतीक को साबरमती जेल से बाहर लाया गया और वैन में बैठा दिया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उसने कहा, 'यूपी एसटीएफ मेरी हत्या कर देगी।'

एसटीएफ का काफिला अहमदाबाद से राजस्थान के उदयपुर-कोटा होते हुए मध्यप्रदेश में शिवपुरी के रास्ते सोमवार सुबह नौ बजे के करीब उत्तर प्रदेश में दाखिल हुआ। अहमदाबाद से एसटीएफ टीम रविवार शाम छह बजे निकली थी, जो सोमवार शाम साढ़े पांच बजे प्रयागराज की नैनी जेल पहुंची। टीम ने 1300 किलोमीटर का सफर साढ़े 23 घंटे में पूरा किया। इस दौरान काफिला आठ जगह रुका।

### झांसी में बछड़े ने रोकी माफिया अतीक के वाहन की रफ्तार

माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज लाते समय झांसी में उसके वाहन के सामने गाय का बछड़ा आ गया। पुलिस लाइन में काफिला रुका था। यहां से जब काफिला आगे बढ़ा, तो उसके वाहन के आगे बछड़ा आ गया। इसके बाद वाहन की रफ्तार रुक गयी। कुछ देर बाद काफिला फिर आगे बढ़ा। काफिला रुकने के बाद माफिया की धड़कनें तेज हो गयी थीं।

### अतीक अहमद को किस मामले में प्रयागराज लाया गया

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अतीक ने 2006 में उमेश पाल को गन पॉइंट पर अगवा कर लिया था। उमेश ने 2007 में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। इस केस में प्रयागराज की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट 28 मार्च को फैसला सुनायेगी। इसी केस में आरोपी अतीक को कोर्ट में पेश करने के लिए यूपी एसटीएफ उसे प्रयागराज लायी है।

# चारा घोटाले में लालू को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**चार हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करने का आदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** चारा घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ सकती हैं। इस मामले में सीबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में लालू यादव की जमानत याचिका रद्द करने की मांग की है। सोमवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने लालू यादव को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब चार सप्ताह बाद होगी।

सीआरपीसी की धारा 427 को आधार बनाते हुए सीबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में लालू की जमानत रद्द करने की मांग की है। सीबीआइ ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर चुनौती दी है, जिसमें लालू यादव को जमानत पर रिहाई मिली है। लालू को झारखंड हाइकोर्ट ने दुमका और चाइबासा कोषागार मामले में जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। सीबीआइ ने इसी का विरोध किया है। सीबीआइ के मुताबिक लालू प्रसाद को पांच मामले में अलग-अलग सजा हुई है, लेकिन सीबीआइ कोर्ट ने सभी सजा एक साथ चलाने का आदेश नहीं दिया है। इस कारण सभी सजा एक साथ नहीं चल सकती हैं। धारा 427 में प्रावधान के अनुसार किसी व्यक्ति को एक से अधिक मामलों में दोषी करार देकर सजा सुनायी जाती है और अदालत सभी सजा एक साथ चलाने का आदेश नहीं देती है, तो उस व्यक्ति की एक सजा की अवधि समाप्त होने के बाद ही उसकी दूसरी सजा शुरू होगी।

घोटाले के पांच मामलों में लालू प्रसाद को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी गयी है। किसी भी आदेश में सभी सजा एक साथ चलाने का उल्लेख नहीं किया गया है। इस कारण लालू प्रसाद पर यह धारा लागू होती है। जब तक एक सजा की पूरी अवधि वह हिरासत में व्यतीत नहीं कर लेते, दूसरी सजा लागू नहीं हो सकती।

# नक्सलियों ने पुल निर्माण में लगे दो ट्रैक्टरों को आग के हवाले किया

**अभियान एसपी पहुंचे घटना स्थल, नक्सलियों के विरुद्ध अभियान तेज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में पुनदाग नदी पर पुल के निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टरों को आधा दर्जन नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। घटना रविवार देर रात की है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने फिलहाल इसे नक्सली घटना होने से इनकार किया है। मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले के घोर नक्सल प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के पुनदाग नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टरों को नक्सलियों ने फूंक डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद पुल निर्माण कार्य बंद हो गया है। बताया गया कि आधा दर्जन से अधिक नक्सली पुल निर्माण स्थल पहुंचे। निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और मजदूरों से पूछा किसकी इजाजत से पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुल निर्माण कौन करा रहा है। इसके बाद मजदूर और मिस्त्री को काम बंद कर भगा दिया गया। बताया गया कि ट्रैक्टर के माध्यम से गड्ढे के पानी को सुखाने का कार्य चल रहा था। जिसको नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना स्थल पर संवेदक द्वारा किसी तरह का बोर्ड नहीं लगाया गया है। लेकिन कोई मिथुन साहू नामक संवेदक के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार माओवादी अपने दस्ता के साथ कार्य स्थल पहुंचे थे। उग्रवादियों ने सबसे पहले मजदूरों के बीच मुंशी की खोज की मुंशी नहीं रहने पर मजदूरों के साथ कड़ाई से पेश आते हुए पूछताछ किया। इसी बीच मजदूरों की पिटाई करने की बात हो रही थी। लेकिन संगठन के बीच से एक नक्सली ने कहा कि मजदूरों की कोई गलती नहीं है। कोई मजदूरों को नहीं मारेगा। मजदूरों को कहा कि कोई काम नहीं करेगा। मामले की सूचना मिलने पर अभियान एसपी दीपक पांडेय एवं सीआरपीएफ के जवान सेरेंगदाग थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गये। उग्रवादियों के धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान शुरू किया गया है। बताया गया कि घटना को अंजाम देने के बाद सभी उग्रवादी पेशरार के बीहड़ पठारी जंगलों की ओर निकल गये ।

### सेरेंगदाग थाना में अज्ञात पर मामला दर्ज

लोहरदगा सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में पुल निर्माण में लगे वाहन जलाने और काम बंद कराने को लेकर सेरेंगदाग थाना में थाना कांड संख्या 2 / 2023 दर्ज किया गया है इस मामले पर 78 अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है

### घटना में शामिल लोग बक्से नहीं जायेंगे :एसपी

लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुल निर्माण में लगे दो ट्रैक्टर के टायरों को जला दिया गया है। घटना के पीछे किसका हाथ है। इस पर अनुसंधान किया जा रहा है। एसपी ने कहा कि कायरता पूर्ण इस घटना में शामिल लोग किसी हाल में नहीं छोड़े जायेंगे।

www.epaper.azadsipahi.in

28 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 157

नामीबिया से कूनो नेशनल पार्क आयी मादा चीता साशा की मौत, किडनी में हुआ था इन्फेक्शन




# G D GOENKA PUBLIC SCHOOL | RANCHI Jharkhand




## ADMISSIONS OPEN

for 2023-24 Session
NURSERY TO GRADE VII

## Facilities at GD Goenka

• Semi Olympic size swimming pool • Volleyball court • Badminton court • Olympic size basketball court & lawn tennis • Rifle Shooting • 24hr Ambulance for Emergency • Squash • Mini Golf Course • Smart Classes • Robotic Lab • Indian & Western Music Studio • Aerobics, Yoga & Meditation • Integrated Science lab • Maths lab • Language lab • GPS enabled AC buses with CCTV Camera

## VACANCY FOR PRT & TGT Teachers








G D GOENKA SCHOOL

EXCELLENCE IN EDUCATION 29 YEARS GD GOENKA

GD Goenka Public School
Doranda- Namkum Road,
Near Namkum Block, Namkum, Ranchi 834010

CALL US ON :
7707001105/06/07/08

www.gdgoenkaranchi.com /gdgoenkaranchi

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 28 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# सीएम ने मंत्रियों के लिए बन रहे आवास का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी धुर्वा रांची में मंत्रियों के लिए बन रहे निमार्णाधीन आवास एवं आवासीय परिसर का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों से मंत्रियों के लिए बन रहे निमार्णाधीन आवास से संबंधित सभी कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने तेज गति से आवासीय परिसर का निर्माण कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में योजना को पूर्ण करने का निर्देश भी पदाधिकारियों को दिया। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का छठा दिन

# शक्ति गलत व्यक्ति के हाथ में नहीं जानी चाहिए : मनुश्री महाराज

श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में छठे दिन मां कात्यायनी की धूमधाम से हुई पूजा

वैदिक मंत्रों से गूंजता रहा पूरा यज्ञ परिसर, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु भक्तों ने की मंडप की परिक्रमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेहल में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन सोमवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा धूमधाम से हुई। महायज्ञ के पूजन मंडप में वाराणसी से आये यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा और सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र के वैदिक मंत्रों की ध्वनि से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। मां कात्याययनी का मतलब मां पार्वती होता है। इनका स्वरूप भी अत्यंत ही भव्य व दिव्य है। आचार्यों के अनुसार शास्त्रों में भी इस बात का उल्लेख है कि भगवान कृष्ण को पाने के लिए व्रज की गोपियों ने मां कात्याययनी की पूजा कालिंदी नदी के तट पर की थी। ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

### महर्षि कात्यायन के घर मां भगवती ने पुत्री रूप में जन्म लिया

पौराणिक काल में महर्षि कात्यायन थे, जिन्होंने मां भगवती की कठिन तपस्या कर उन्हें अपनी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वर मांगा। मां भगवती ने उनकी प्रार्थना सुनी और उनके घर जन्म लिया। बाद में महिषासुर के विनाश के लिए भगवान ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने अपने तेज से उस बालिका को देवी के रूप में प्रकट किया, जो मां कात्यायनी कहलाईं।

### राम की बातों को अपने अंदर लायें : मनुश्री महाराज

वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने महायज्ञ में सोमवार की शाम सत्संग मंडप में श्रीमद भागवत के अमृत वचनों से वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं को मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति गलत व्यक्ति के हाथ में नहीं जानी चाहिए। शक्ति का दुरुपयोग होगा तो अर्थ का अनर्थ हो जायेगा। द्रोणाचार्य ने ब्रह्मास्त्र की शिक्षा अपने पुत्र को नहीं देकर अर्जुन को दी। उन्हें अपने बेटे पर शक था। उनका शक बाद में सही निकला था, क्योंकि महाभारत की लड़ाई में उनके बेटे अश्वथामा ने एक बार ब्रह्मास्त्र चलाने की कोशिश की थी।

मनुश्री महाराज ने आगे यह भी कहा कि जीवन को ऐसे जियो कि समाज को एक लकीर दे जाओ, जिस पर समाज आगे बढ़े। जैसे हरिश्चंद्र ने सत्य की लकीर दी। हरिश्चंद्र का मतलब सत्य और सत्य मतलब हरिश्चंद्र। धर्म की रक्षा करते हुए राजा हरिश्चंद्र ने अपने जीवन को कैसे जिया। अपने वचन को निभाने के लिए पूरा राज्य दान कर दिया। समाज का सुधार के पहले स्वयं का सुधार किजिए, समाज सुधर जायेगा। हम राम को तो पूज रहे हैं, उनकी बातों को अपने अंदर नहीं ला रहे हैं। हम कृष्ण को तो पूज रहे हैं, उनकी बातों को अपने अंदर नहीं ला रहे हैं। ऐसा कर आप अनर्थ कर रहे हैं।

### सत्संग मंडप में अतिथि के रूप में ये रहे मौजूद

सत्संग मंडप में अतिथि के रूप में उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, सहायक निदेशक भारत सरकार राकेश रंजन, भीम प्रभाकर, डा. मणि मुक्ता, बिश्वेश्वर बेक और चंद्रमणि खलखो पहुंचे थे।

### श्रद्धालुओं ने लिया साबूदाना की खीर का प्रसाद

श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन के समापन पर वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने साबूदाना की खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

# राम लखन सिंह यादव कॉलेज में सरहुल मिलन समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय जनजाति क्षेत्रीय भाषा विभाग की ओर से कॉलेज अखड़ा में सरहुल मिलन समारोह पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक वर्ष ऐसे ही झारखंड के सभी त्योहारों को यहां की भाषा, संस्कृति बच्चों के सिलेबस से संबंधित परब त्यौहार को कॉलेज अखड़ा के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षकों के बीच आयोजन किया जाये, जिससे झारखंड की संस्कृति कॉलेज में भी दिखे।

इस कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए जनजाति क्षेत्र भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष और नागपुरी के हेड डॉ खालिक अहमद ने कहा कि सरहुल ही एक ऐसा पर्व है, जिसमें किसी तरह के प्रशासन की आवश्यकता पूरे राज्य में कहीं नहीं पड़ती है। बड़े ही उल्लास एवं लाखों की तादाद में लोग निकलते हैं और कानून व्यवस्था को कुछ भी नुकसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरहुल से यह सीखने की हमें जरूरत है कि किस तरह से लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं, बिना लड़ाई झगड़ा किये। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए झारखंड के पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने सरहुल से जुड़ी कहानी को छात्र छात्राओं के बीच सुनाया और सरहुल से संबंधित गीत भी गाये। मुख्य अतिथि के तौर पर खोरठा के अशोक कुमार महतो ने भी खोरठा गीतों के माध्यम से पूरे कॉलेज को रंगीन कर दिया। सरहुल मिलन समारोह की अध्यक्षता कर रहे राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह ने जनजातीय क्षेत्र भाषा विभाग को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी। सरहुल मिलन समारोह में मुख्य रूप से कॉलेज के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

## राजेंद्र प्रसाद ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-

# पदस्थापना में मूलनिवासी शिक्षकों की उपेक्षा हो रही



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गैर अनुसूचित जिलों से अनुसूचित जिलों में पदस्थापन प्रक्रिया से स्थानीय मूलनिवासी शिक्षकों के प्रभावित होने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि राज्य में अनुसूचित जिलों से अनुसूचित जिलों में पदस्थापन प्रक्रिया में स्थानीय मूलनिवासी शिक्षकों के पदस्थापन में गड़बड़ी को लेकर कई शिक्षक मुझसे मिले थे। शिक्षकों ने बताया कि पदस्थापन में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की सही तरीके से व्याख्या नहीं की जा रही है, जिसके कारण मूलवासी शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं और मूलनिवासी शिक्षकों की पदस्थापना में उपेक्षा हो रही है। प्रसाद ने पत्र में लिखा है कि आपसे हम आशा करते हैं कि मूलनिवासी शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं होगी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए व्यक्तिगत रूप से आप हस्तक्षेप करेंगे। साथ ही विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश देने की कृपा करेंगे। पत्र में प्रसाद ने यह भी लिखा है कि उपयुक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद 612/2022 के पारित आदेश के आलोक में गैर अनुसूचित जिलों में कार्यरत शिक्षकों का अनुसूचित जिलों में यथा रांची दुमका, पाकुड़, जामताड़ा इत्यादि में पदस्थापन की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही मैं आपका ध्यान निम्न बिंदुओं की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। अनुसूचित जिले में नियुक्त शिक्षक उस जिले के मूल निवासी हैं तथा अपने क्षेत्र के रीति रिवाज एवं संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं। जबकि गैर अनुसूचित जिले से विशेषकर रांची, दुमका, जामताड़ा इत्यादि में आवेदन करने वाले शिक्षक राज्य से बाहर के निवासी हैं। जो कि इन क्षेत्रों के रीति रिवाज और संस्कृति से अनभिज्ञ हैं। इन शिक्षकों का पदस्थापन दूरदराज के जिलों गोड्डा, गढ़वा इत्यादि में किया जा रहा है। इस पदस्थापन प्रक्रिया में अपने गृह जिला में कार्यरत अधिकांश महिला शिक्षकों को दूरदराज के गैर अनुसूचित जिलों में भेजा जा रहा है, जिससे उन्हें मानसिक एवं पारिवारिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पदस्थापन प्रक्रिया से अपने ही राज्य में मूल निवासी शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। इससे ये शिक्षक काफी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं तथा उन्हें मानसिक एवं परिवारिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रांची जिला राज्य की राजधानी होने के कारण गैर-अनुसूचित जिलों के ज्यादातर शिक्षकों ने रांची जिले में ही आवेदन दिया है, जिससे रांची जिले के मूलनिवासी शिक्षक भारी संख्या में दूरदराज के जिलों में जाने को बाध्य हो जायेंगे। आपसे आग्रह है कि अनुसूचित जिले में पूर्व से कार्यरत मूलनिवासी शिक्षकों को अपने गृह जिला में पदस्थापित रहने के लिए अपने स्तर से यथाचित निर्णय लिया जाये, जिससे यहां के मूल निवासी शिक्षक प्रभावित ना हों। इस संदर्भ में राजेंद्र प्रसाद ने राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेशवर उरांव से भी बात की। वित्त मंत्री ने कहा कि वह इस विषय में शिक्षा सचिव से बात करेंगे।

# श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब ने किया अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददता

**रांची।** रविवार को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के तत्वावधान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 25 अखाड़ों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। वहीं इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंडल जगन्नाथपुर, बड़का गड़ को प्रथम पुरस्कार, मंडल सरना समिति तीतर टोला पुनदाग को द्वितीय पुरुस्कार, मंडल भुइया टोली को तृतीय पुरुस्कार से पुरस्कृत किया गया। आयोजन में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, अध्यक्ष अशोक पुरोहित, समाजसेवी रमेश सिंह, राजेश गुप्ता छोटू के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने आये खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के राम अनुज सिंह, लंकेश सिंह, रमेश केडिया, बंटी सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, दीपू गाड़ी, विशाल मिश्रा, इंदर सिंह सहित दर्जनों सदस्यों ने अपना योगदान दिया ।

# अमित अग्रवाल और राजीव कुमार की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 6 को

**रांची।** कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की डिस्चार्ज पिटीशन पर रांची इडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। डिस्चार्ज याचिका पर दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अमित अग्रवाल और राजीव कुमार की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत अब 6 अप्रैल को अपना फैसला सुनायेगी। अमित अग्रवाल पीआइएल मैनेज करने के लिए पैसे देने के आरोपी हैं, वहीं इस केस में झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार पैसे लेने के आरोपी हैं। पीआइएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश के लेन-देन के अभियुक्तों पर कैश लेकर पीआइएल मैनेज करने का आरोप है। अधिवक्ता राजीव कुमार को पिछले वर्ष कोलकाता पुलिस ने लगभग 50 लाख रुपये कैश के साथ गिरफ्तार किया था। ये पैसे व्यवसायी अमित अग्रवाल के थे। इस पूरे मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय की टीम कर रही है। अमित अग्रवाल को भी इडी ने गिरफ्तार किया था।

# डीएवी हेहल में दो-दिवसीय वैदिक चरित्र निर्माण शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को डीएवी हेहल में दो-दिवसीय वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ सुबह आठ बजे विशेष हवन से हुआ। सभी शिक्षकों और चुने हुए विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-बी एम के सिन्हा के साथ मिलकर हवन किया।

इस दौरान सिन्हा ने सुख-समृद्धि, वैभव और स्वास्थ्य की कामना करते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों के ऊपर पुष्प वर्षा की। उन्होंने कहा कि ये दो-दिवसीय वैदिक चेतना शिविर शिक्षकों और विद्यार्थियों में नयी ऊर्जा और चेतना का संचार करेगा। इस शिविर के माध्यम से बच्चे दैनिक हवन, योगासन और वैदिक संस्कृति को समझेंगे। आज समाज में बहुत सारी विकृतियां,और कुरीतियां फैल रही हैं, जिनसे हमें खुद को और अपने बच्चों को बचाना है। इस अवसर पर डीएवी हेहल रांची के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कपिलदेव डीएवी पब्लिक स्कूल कडरू, रांची के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया और वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का लाभ उठाया।

# छठी जेपीएससी मामले में प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छठी जेपीएससी में रिजर्व केटेगरी के अभ्यर्थियों की मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व केटेगरी में किये जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो एवं कुमार अविनाश की अपील याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में उन प्रतिवादियों को पुनः नोटिस जारी किया है, जिन्हें पूर्व में नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसका तामीला नहीं हो सका था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कार्यरत अनुशंसित अभ्यर्थी चंदन कुमार, गौतम कुमार, कुमार अविनाश की अपील पर सुनवाई करते हुए उनको प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया था। वहीं कार्यरत अभ्यर्थी संजय कुमार महतो पहले से ही प्रतिवादी बनाये गये थे। कोर्ट ने उन्हें भी नोटिस जारी किया था। यह मामला उसी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट अपनी योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाये थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था। जबकि प्रार्थी का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किये जाने को सही ठहराया था। वहीं प्रार्थी का कहना था कि उनका कैडर आवंटन उन्हीं की रिजर्व कैटेगरी में होना चाहिए था। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान पूर्व में कोर्ट ने पार्थी को यह बताने को कहा था कि कैसे उनका फीडर आवंटन अनरिजर्व में किया जाना अनुचित है। जेपीएससी के द्वारा बताया गया था कि नियम के अनुसार ही उनका कैडर आवंटन अनारक्षित केटेगरी में किया गया है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : 1001 यात्रियों ने किया द्वारका सोमनाथ का दर्शन

# तीर्थयात्रियों की सीएम से अपील, जारी रखें गीरीबों की तीर्थयात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 1001 हिंदू धर्म के बुजुर्ग द्वारका और सोमनाथ की तीर्थ यात्रा पूरी कर वापस लौटे। दरअसल झारखंड सरकार राज्य के गरीब (बीपीएल) नागरिकों को ना सिर्फ तीर्थ स्थलों का दर्शन करवा रही है, बल्कि उनका खर्च भी वहन कर रही है। इसके तहत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना- 2023 के दूसरे चरण में 20 मार्च से 27 मार्च 2023 तक राज्य के 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के 1001 वरिष्ठ हिंदू धर्मावलंबियों को द्वारका एवं सोमनाथ की तीर्थ यात्रा करायी गयी। इस तीर्थ यात्रा में सभी तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क बस, ट्रेन से यात्रा, नाश्ता, भोजन और होटल में ठहराने तथा बस के माध्यम से स्थानीय धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

वहीं मुस्लिम बुजुर्गों को अजमेर, आगरा, फतेहपुर सीकरी ले जाया गया। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत झारखंड पर्यटन विकास निगम लि द्वारा प्रथम चरण में राज्य के 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के कुल 830 वरिष्ठ इस्लाम धर्मावलंबियों को 15 फरवरी से 21 फरवरी तक अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सीकरी के तीर्थ स्थलों का दर्शन कराया गया था। दोनों धर्म के लोगों को हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया था। दोनों तीर्थ यात्रा से सभी तीर्थ यात्री काफी खुश हैं। सभी ने झारखंड सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया।

तीर्थ यात्रियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस योजना को आगे भी जारी रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के कारण ही उनके जैसे और भी गरीब नागरिक तीर्थ दर्शन कर सकते हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

28 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 157

उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी, ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की इजाजत



R.K. CHOUDHARY'S
email: errakeshchoudhary @gmail.com

# R.K.C. CLASSES

NEET, XII AND XI,
IIT-JEE MAIN /ADVANCED
IX, X, NTSE, KVPY, OLYMPIAD

## एक परिचय

आरके चौधरी 20 सालों से भारत के विभिन्न शहरों जैसे पटना, दिल्ली, कोटा, आगरा, भुनेश्वर एवं रांची में आईआईटी एवं मेडिकल के लगभग सभी ब्रांडेड कोंचिंग में पढ़ा चुके है सन् 2013 से उच्चतम गुणवत्ता की भौतिकी की पढ़ाई देकर समाज के मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के साथ ही उच्च वर्ग के छात्रों के सपनों को हकीकत में तब्दील कर रहें है अपने रांची स्थित कोचिंग संस्थान में वे 30-40 छात्रों के बैच को पढ़ाते है।



R.K. CHOUDHARY
PHYSICS SPECIALIST
(MECH.ENGG)
20+YRS TEACH. EXP.

## Class 12 th (Session 2021-2022) NEET Qualified



12th
Physics 95
NEET
637/720

PRATHAM TIBREWAL
Physics
99.7357431
Chemistry
98.4041447
Biology
99.2437255



12th
Physics 96
NEET
644/720

DEEPALI KASHYAP
Physics
99.8408678
Chemistry
98.4041447
Biology
99.6808856

ADMISSION OPEN
2023-24
TO MAKE YOUR FUTURE BRIGHT
CALL NOW......
9304323200

## Some Successful Students of R.K.C. Classes......



NEET | JEE ADV. | JEE MAINS

Vivek 648/720
Atif 628/720
Yash 616/720
Nushrat 599/720
Harshit Raj AIR 934
Jagani Darshan AIR 4457
Kartavya Shankar 99.2 Percentile
Sourabh Kr. Gupta 98.3 Percentile
Gaurav Pathak IIT Kharagpur

Rajesh kr. Yadav IIT-Kharagpur
Atul Saurabh IIT-Mumbai
Ishita Ankit IIT-Kanpur
Aminoor Rahman IIT Dhanbad
Ashish IIT Dhanbad
Amit IIT-Kharagpur
Ankit Raj ISI Kolkata
Arish Enam IIT Dhanbad

## THE BEST SCHOOL OF COMPETITIVE COACHING

- Daily Doubt Session
- Backup Video Class
- On time Syllabus Completion
- Covers Complete Theory and Complete Numericals of School and Competitive Exams

Raj Mansion, Opposite Spring City Mall, Main Road Hinoo Ranchi-834002 (Jharkhand) Mob. : 9304323200

## चुनाव से पहले नामकुम में बनेगा इवीएम वेयर हाउस

# नगड़ी में शहीद सम्मान पार्क बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला प्रशासन इवीएम वेयर हाउस के लिए जमीन जल्द उपलब्ध करा कर अगले विधानसभा चुनाव से पहले भवन निर्माण कराने की तैयारी में है। इसको लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को राजस्व से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करते हुए नामकुम सीओ को निर्देश दिया।

अब राजधानी के पंडरा बाजार में वोटों की गिनती नहीं होगी। इसके साथ ही मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से इवीएम वेयर हाउस को भी हटाया जायेगा। दरअसल इवीएम वेयर हाउस के लिए रांची जिला प्रशासन जमीन चिह्नित करने के लिए रेस हो गया है।



### शहर से हटाया जायेगा खटाल, बनेगा यातायात पार्क

शहर में संचालित खटालों को नगड़ी, रातू नामकुम या कांके अंचल में शिफ्ट किया जायेगा। इसको लेकर डीसी ने संबंधित अंचलों के सीओ को गौशाला/ खटाल के लिए जमीन उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि जल्द भूमि उपलब्ध होने पर शहर से खटालों को विस्थापित किया जायेगा। वहीं, शहर में यातायात पार्क बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश डीसी ने दिया है। कांके एवं अरगोड़ा अंचल में पार्क बनाने की तैयारी है। इसको लेकर दोनों अंचलों के सीओ को कहा कि जल्द जमीन उपलब्ध करायें, ताकि यातायात पार्क बनाया जा सके। वहीं, बैठक शुरू होने पर डीसी ने सबसे पहले सभी अधिकारियों को रामनवमी, रमजान, छठ, चैती दुर्गा पूजा को बेहतर तरीके से संपादित कराने का निर्देश दिया।

डीसी ने सीओ को कहा कि भूमि चिह्नित करने से पहले अच्छे से जांच कर लें, ताकि भूमि अधिग्रहण करने में समस्या ना हो। भूमि अधिग्रहण करने के समय आम सूचना भूमि अधिग्रहण संबंधित ग्रामीणों को दें, ताकि अन्य समस्या उत्पन्न ना हो। मालूम हो कि पंडरा में मतगणना केंद्र बनाये जाने के विरोध में व्यवसायी हाइकोर्ट भी गये हुए हैं। दूसरी ओर नगड़ी अंचल में शहीद सम्मान स्मारक पार्क बनाया जायेगा।

पार्क का निर्माण जल्द हो, इसके लिए डीसी ने नगड़ी सीओ को जमीन मुहैया कराने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि यह पार्क दो एकड़ भूमि पर बनाया जाना है।

# सीएम ने बच्चों को सम्मानित कर एक ऐतिहासिक पहल की है : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा भारतवर्ष में झारखंड पहला ऐसा राज्य बना, जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने सोमवार को जैक बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के बच्चों को सम्मानित कर एक ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री और सरकार अगर इस प्रकार का आयोजन करती है तो यकीनन बच्चों एवं अभिभावकों में उर्जा का संचार होता है और पढ़ाई के प्रति रुचि भी बढ़ती है,शिक्षा का विकास भी होगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल होगा।

पासवा अध्यक्ष ने कहा पिछले 11 वर्षों से राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों में टॉपर्स बच्चों सम्मानित करता चला आ रहा है और अब तक लगभग 2 लाख से



अधिक बच्चों को सम्मानित किया जा चुका है। इसी संदर्भ में पिछले वर्ष आठ अगस्त 2022 को झारखंड के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेल गांव में एक छत के नीचे 10 हजार से ज्यादा बच्चों को सम्मानित किया गया था जो ऐतिहासिक था। इस मौके पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद एवं पासवा के अभिभावक सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। झारखंड में इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ था, जो देश का सबसे बड़ा सम्मान समारोह था और बड़े हर्ष के साथ मैं यह कह सकता हूं कि मुख्यमंत्री ने आज इस तरह का आयोजन कर के पासवा के द्वारा जो पिछले 11 वर्षों से बच्चों को सम्मानित किए जाने का काम हो रहा है, इस पर भी मुख्यमंत्री ने अपनी मुहर लगा दी है। झारखंड पासवा अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि इस बार जून के महीने में जब सभी बोर्ड के दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट आ जायेगा तो पासवा 15 हजार मेधावी बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी प्रक्रिया मई के पहले सप्ताह से रजिस्ट्रेशन द्वारा शुरू हो जायेगी। इसके लिए सभी 24 जिलों के लिए प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री से संपर्क करके बच्चों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर पासवा के अभिभावक और वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद भी उपस्थित रहेंगे। पासवा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 2019 में शिक्षा का अधिकार कानून में पिछले मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा किये गये संशोधन को निरस्त करने की मांग की है। संवाददाता सम्मेलन में झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के साथ अरविंद कुमार रांची जिला अध्यक्ष, डॉ सुषमा केरकेट्टा महानगर अध्यक्ष, महासचिव आलोक बिपीन टोप्पो भी थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### चित्रकला प्रदर्शनी में श्रीराम एवं हनुमान की पेंटिंग्स को कैनवास पर उकेरा

रांची (आजाद सिपाही)। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा रामनवमी के अवसर पर चित्रकला शिविर का आयोजन किया गया।



चित्रकला प्रदर्शनी में कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के छात्रों द्वारा मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम एवं हनुमान की पेंटिंग्स को कैनवास पर उकेरा एवं कलात्मक पुष्पांजलि अर्पित की गयी दी।मौके पर कलाकृति के निदेशक एवं चित्रकार धनंजय कुमार ने कहा की सरस्वती पूजा के अवसर पर बच्चों को अध्यात्मिक विषयों पर चित्रकारी करने एवं भगवान श्रीराम और हनुमान जी के कई बिभिन्न रूप एवं उनके लीलाओं को जानने समझने का अवसर मिला। कार्यशाला में 25 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया था। कार्यशाला में संस्था की रजनी, आरती, कोमल, शिखा का बहुमूल्य योगदान रहा। कार्यशाला में सुरुचि, निजात, ईशा, जया, अमीषा, मयंक, सक्षम, इन्शु, अंजलि,राज, रिद्धि, ऋतू ने भाग लिया।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए आइएएस केके सोन और आराधना पटनायक विरमित

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए विरमित किया। सोमवार को इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। इसमें केके सोन और आराधना पटनायक को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए विरमित कर दिया है। केके सोन अब भारत सरकार के श्रम नियोजन मंत्रालय के संयुक्त सचिव के पद पर योगदान देंगे। आराधना पटनायक संयुक्त सचिव स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पद पर योगदान देंगी। दोनों अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नयी दिल्ली जायेंगे।

### रामनवमी के अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति सेवा शिविर लगायेगी

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में रामनवमी की तैयारियों पर चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि रामनवमी के शोभायात्रा में शामिल लोगों के सेवार्थ कचहरी चौक, रांची में समिति द्वारा रामनवमी सेवा शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में चना, गुड़ और शरबत वितरित किया जायेगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने कहा कि रामनवमी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रभु श्री राम के जीवन से समस्त विश्व को यह प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य का चरित्र श्री राम के जैसा होना चाहिए। इस बैठक में जयंत क्षा, उदित नारायण ठाकुर, रंजीत लाल दास, संजीव मिश्रा, बीके झा, श्रेष्ठ नारायण झा, संजीव ठाकुर, श्रीराम मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।

### श्रीराम बानर सेना की बैठक संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को श्रीराम बानर सेना की बैठक अध्यक्ष लंकेश सिंह की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से श्रीराम बानर सेना के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष लंकेश सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम बानर सेना के द्वारा झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी अखाड़ाधारियों को पुरस्कृत किया जायेगा और सभी राम भक्तों पर पुष्प वर्षा की जायेगी। सेना के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि समिति की तैयारी आखिरी चरण में है। बैठक में चुटुन पांडेय, पवन झा, अखिलेश राय, सूरज पांडेय, रमेश सिंह, सुदामा सिंह, विक्रम सिंह आदि शामिल थे।

### ममता देवी को हाइकोर्ट से मिली बेल

रांची (आजाद सिपाही)। रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को गोला गोलीकांड के दो अलग-अलग मामलों में मिली सजा को चुनौती देनेवाली क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत से ममता देवी को हजारीबाग केस में जमानत मिल गयी है, जबकि रामगढ़ केस में सुनवाई के लिए 31 मार्च की तिथि निर्धारित की है। ममता देवी की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने पक्ष रखा। बता दें कि पूर्व विधायक ममता देवी को रामगढ़ सिविल कोर्ट और हजारीबाग सिविल कोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में सजा सुनायी है। एक मामले में 13 दिसंबर 2022 को उन्हें पांच साल की सजा मिली थी। वहीं दूसरे मामले में 4 जनवरी 2023 को हजारीबाग की विशेष कोर्ट ने गोला गोलीकांड के चौथे मामले में ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जयसवाल को दो-दो साल की सजा सुनायी थी। इन्हीं दोनों सजा को चुनौती देते हुए ममता देवी की ओर से हाइकोर्ट में अपील दाखिल की गयी है।

### निशिकांत दुबे के खिलाफ महुआ मोइत्रा ने की शिकायत, सदस्यता रद्द करने की मांग

रांची (आजाद सिपाही)। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे पर चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने का आरोप लगा है। इसे लेकर लोकसभा सेक्रेटेरियट को शिकायत पत्र सौंपा गया है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने इसकी शिकायत की है। साथ ही महुआ मोइत्रा ने निशिकांत दुबे की सदस्यता रद्द करने की मांग है। महुआ ने इसे लेकर ट्वीट किया है।

# स्वस्थ जीवन के लिए हेल्दी और हैप्पी लाइफस्टाइल अपनायें : डॉ सोफिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची में सोमवार को सेमिनार हॉल में आईक्यूएसी के वीमेंस सेल की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था 'पोस्ट कोविड हेल्थ अवेरनेस'। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थीं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग की प्रोफेसर सह माइक्रो बॉयोलॉजिस्ट डॉ सोफिया फिरदौस। अपने उद्बोधन में डॉ फिरदौस ने कोरोना महामारी के पश्चात आने वाली समस्याओं एवं उसके निराकरण पर विस्तार से चर्चा की बेहतर जीवन के लिए हेल्दी और हैप्पी लाइफ स्टाइल अपनाने पर जोर दिया। साथ ही महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी, विटामिन की कमी, लैंगिक समानता, मासिक चक्र की गड़बड़ी, बॉडी शेम आदि मनोदैहिक समस्याओं पर भी प्रकाश डाला।




**सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव:** सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को बताते हुए कहा कि यह हमारे मनोभावों को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है । आप अपने आस-पास के लोगों को देखकर प्रभावित व विचलित न हो। आप जैसे हैं वैसा स्वीकर करें । आप खुद में बेस्ट हैं।

**डिप्रेशन का दुष्प्रभाव एवं निराकरण :** विश्व स्तर पर देखें तो कई देशों के आंकड़े निराशाजनक हैं। भारत की बात की जाए तो सबसे ज्यादा युवाओं में डिप्रेशन देखें जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है अतिशय महत्वकांक्षी होना , सोशल मीडिया में ज्यादा समय गुजारना, कनेक्टिविटी का आभाव प्रमुख है। ऐसी स्थिति में तुरंत मनोचिकित्सक से संपर्क किया जाना चाहिए।

**इंटरेक्टिव सेशन में प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षकों व विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण :** इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ नीलिमा सिन्हा, हिंदी विभाग की डॉ वर्षा शालिनी कुल्लू, डॉ ईवा मार्ग्रेट हांसदा सहित स्नातक व स्नातकोत्तर की विद्यार्थियों ने कई प्रश्न पूछें जिसका समुचित उत्तर डॉ फिरदौस के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सलमा केरकेट्टा ने प्रार्थना से की। वहीं जिओलॉजी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत वीमेंस सेल की अध्यक्ष डॉ ज्योति टोप्पो ने की। मुख्य अतिथि का परिचय और कार्यक्रम का विषय -प्रवेश डॉ ईवा मार्ग्रेट हांसदा कराया। अतिथियों का सम्मान डॉ मृदुला खेस्स व हिना तिर्की के द्वारा किया गया। मौके पर स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। मौके पर प्राचार्य प्रो इलानी पूर्ती, वर्सर प्रो आशा रानी केरकेट्टा, प्रो प्रवीण सुरीन, डॉ अजय कुमार, डॉ ज्योति टोप्पो, डॉ ईवा मार्ग्रेट हांसदा, डॉ अनिता अंजू खेस्स, डॉ बिंदू सोरेन, डॉ दिव्या कोनगाड़ी, प्रो डिम्पल मिंज, प्रो पुलिन केर-केट्टा, डॉ निधि सिंह, प्रो प्रियंका सोरेंग, प्रो निशा सोरेंग, प्रो अनुपमा पूर्ति, प्रो सुषमा करकेट्टा, प्रो अदिति टोप्पो, प्रो आकांक्षा तिग्गा , एमसीवीपी की प्रो गोल्डेन महिमा बिलुंग, डॉ सीमा टेटे, प्रो नुतनलता, प्रो रश्मि हेम्ब्रम, प्रो सुषमा मुंडू, प्रो जेनिस धान डॉ हराधान कोइरी, डॉ कोरनेलियुस मिंज, डॉ प्रशांत गौरव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ होली अर्चना कच्छप ने की वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ वर्षा शालिनी कुल्लू ने की।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

# स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो के नाम पर हो मुरी स्टेशन का नामकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुरी रेलवे स्टेशन का नाम अमर स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद रघुनाथ महतो के नाम पर करने को लेकर रांची के सांसद संजय सेठ ने सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री को एक आग्रह पत्र भी सौंपा। सांसद ने रेल मंत्री को बताया कि रघुनाथ महतो का जन्म सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड में हुआ था। अपना गांव अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज के नारे के साथ रघुनाथ महतो ने स्वतंत्रता आंदोलन को नयी धार दी थी। उनके इस नारे के साथ ही आसपास के सैकड़ों गांव के लोग ब्रिटिश सरकार के खिलाफ उठ खड़े हुए थे। इस आंदोलन के कारण ब्रिटिश सरकार और उसके अधिकारियों को अपने सत्ता संचालन में कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ा था। रघुनाथ महतो क्षेत्र के महापुरुष के रूप में सभी समाज के लोगों के बीच



आदरणीय है। 1769 से 1778 तक रघुनाथ महतो के नेतृत्व में लोगों ने स्वतंत्रता के लिए खूब संग्राम किया था। यह अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति से लगभग एक 100 साल पहले की बात है। रघुनाथ महतो सिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी सरकार के सिपाहियों की गोली से बलिदान हो गये। इस मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और सकारात्मक पहल करने की बात कही है। सांसद ने यह भी बताया कि इस मामले में राज्य सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, इसलिए राज्य सरकार से आग्रह है कि इस मुद्दे पर गंभीरता के साथ भारत सरकार को अविलंब प्रस्ताव भेजें।

# मनरेगा श्रमिकों को 255 रुपये मिलेगा मेहनताना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को 1 अप्रैल 2023 से 18 रुपये अधिक मिलेंगे। दरअसल अब केंद्र सरकार प्रतिदिन 228 रुपये की मजदूरी देगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्यवार प्रतिदिन मजदूरी की दर का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया गया है। मनरेगा के तहत काम करने वाले झारखंड के अकुशल हस्त कर्मकारों के लिए 228 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी तय की गयी है। यह नयी दर 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 210 रुपये मजदूरी दर निर्धारित थी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसमें 18 रुपये



की बढ़ोतरी की गयी है।

**अब झारखंड के मजदूरों को मिलेगा 255 रुपये :** झारखंड में मनरेगा मजदूरों को अभी केंद्रांश के 210 रुपये के अलावा राज्य मद से 27 रुपये अलग से दिया जा रहा है यानी अभी मजदूरों को 237 रुपये मिलते हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रति मानव दिवस मजदूरी 228 रुपये की गयी है। वहीं, राज्य योजना मद से 27 रुपये झारखंड सरकार देगी। मतलब अब झारखंड में मनरेगा श्रमिकों को कुल मिलाकर 255 रुपये का भुगतान किया जायेगा।

## हाइकोर्ट से हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू को मिली जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सोमवार को हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने भीखन को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने यह शर्त रखी है कि भीखन का बेलर उसका कोई नजदीकी रिश्तेदार बनेगा। यह मामला हत्या, आर्म्स एक्ट और 17 (सीएलए) क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट से जुड़ा हुआ है, जिसमें रामगढ़ जिले के पतरातू थाने में भीखन गंझू के खिलाफ कांड संख्या 262 /2019 दर्ज किया गया है। बता दें कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। भीखन उग्रवादी समूह टीपीसी का कमांडर है।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का लोकसभा में जवाब

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के लिए तीन साल में झारखंड को मिले दस करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व एक स्वस्थ दिनचर्या प्रदान की जाती है। गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, उनका भोजन, गुणवत्तापूर्ण प्रसव, जांच, दवा, अल्ट्रासाउंड सहित कई प्रकार की सेवाएं इस अभियान के तहत प्रदान की जाती हैं। गर्भवती महिलाएं खुद सुरक्षित रहें और सुरक्षित प्रसव कर सकें, इसके लिए भारत सरकार गंभीरता पूर्वक इसकी मॉनिटरिंग भी करती है। उपरोक्त आशय की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लेकर भारत सरकार से सवाल किया था और इसके तहत जारी की गयी धनराशि, लाभान्वितों की संख्या सहित कई अन्य जानकारियां सदन के माध्यम से सरकार से मांगी थीं। इसके जवाब में सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पूरक पोषण के बारे में जागरूकता सहित गर्भवती महिलाओं की आहार, नींद, नियमित जांच, संस्थागत प्रसव और स्तनपान के लिए सामूहिक परामर्श प्रदान करता है।

केंद्रीय मंत्री ने सदन में बताया कि वर्तमान समय में झारखंड में उपरोक्त अभियान से लाभान्वित गर्भवती महिलाओं की संख्या 917086 है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में यह भी बताया कि उपरोक्त अभियान के क्रियान्वयन हेतु 2019-20 में झारखंड को 292 लाख रुपये, 20-21 में 622 लाख रुपये और 21-22 में 99 लाख की राशि प्रदान की गयी है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि इस अभियान के तहत प्रसव पूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या पीएमएसएमए पोर्टल पर भी उपलब्ध है, तथापि इस योजना से राजधानी रांची में 35372 महिलाओं को लाभ मिला है। सबसे कम लाभुकों की संख्या पलामू जिले में है, जहां महज 2026 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला, जबकि इस योजना से सबसे अधिक लाभान्वित महिलाओं की संख्या पश्चिम सिंहभूम में है, जहां 101347 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई हैं।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैती छठ पर सोमवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। चैती छठ के तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शहर के नदी घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यह नजारा कार्तिक मास में होने वाली छठ पूजा से कम नहीं था। इस दौरान व्रतियों ने भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य देकर संतान और परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की। दोपहर तीन बजे से ही





व्रतधारी और उनके परिजन विभिन्न घाटों की ओर निकल पड़ी थीं। अर्घ्य के दौरान केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेड़राय..., कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., सेविले चरण तोहार हे छठी मइया, महिमा तोहर अपार..., उगु न सुरुज देव भइलो अरग के बेर... आदि गीतों से नदी घाट गूंजते रहे।

लोक आस्था और विश्वास के महापर्व छठ के तीसरे दिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने चडरी तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर राज्य के खुशहाली एवं सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

आलोक दुबे एवं राजेश गुप्ता ने सूर्य उपासना एवं छठ महापर्व की राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मेंहुल दुबे, महेश पासवान, रॉकी वर्मा, महेश वर्मा, विजय कुमार, संजय प्रसाद सहित कई समाजसेवी ने भी अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.4 °C | 19.6 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.47 बजे | |

### राहुल की सदस्यता रद्द किये जाने के सवाल पर अविनाश पांडे ने कहा-

# जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधि इस्तीफा सौंप देंगे

**रांची पहुंचने पर कांग्रेसियों ने किया उनका जोरदार स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे सोमवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनका स्वागत किया। उनके साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत पार्टी के कई विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किये जाने के मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि जो भी लोग देश के संविधान का सम्मान करते हैं, उनमें गुस्सा भरा हुआ है। राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी में उबाल है। रांची में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि इसी बात को लेकर जितने भी कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता है, उन सभी से चर्चा की जायेगी और अगर जरूरत पड़ी, जितने भी जनप्रतिनिधि हैं, सभी राहुल गांधी के समर्थन में अपना इस्तीफा दे देंगे। राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जगह-जगह विरोध जता रहे हैं। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि पिछले दिनों जिस प्रकार से राहुल गांधी की सदस्यता हटायी गयी, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में दिये गये एक भाषण का हवाला देते हुए मानहानि के तहत उन्हें अधिकतम दो साल की सजा सुनायी गयी है और इसी के साथ उनकी सदस्यता हटा दी गयी।



### सीएम से अविनाश पांडे ने की मुलाकात

रांची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के बीच राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

### भाजपा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की सांगठनिक बैठक

# 11 अप्रैल को रांची की सड़कों पर हेमंत सरकार के खिलाफ उतरेगा जनसैलाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की सांगठनिक बैठक सोमवार को रांची के नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं। परंतु कार्यकर्ता का आधार संगठन है और संगठन सर्वोपरि है।

श्री सिंह ने आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी सफलता के लिए बूथ आधारित कार्यक्रमों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ समितियों को सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी बनाने पर बल दिया जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने आगामी 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा रांची में हेमंत सरकार के खिलाफ होने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारी सहित बूथ पर मनाये जाने वाले 6 कार्यक्रमों, आगामी 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस, 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर मनाये जाने वाले समरसता सप्ताह जैसे कार्यक्रमों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार की नाकामियों, विफलताओं और वादा खिलाफी के कारण उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। भाजपा के द्वारा पिछले दिनों प्रखंड एवं जिला स्तर पर राज्य सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शन में जनता का व्यापक समर्थन मिला है। राज्य की आम जनता, महिला, युवा, आदिवासी, दलित, पिछड़े सहित सभी वर्ग के लोग ठगबंधन की सरकार से ऊब चुके हैं। लोग इस सरकार से निजात चाहते हैं। श्री मुंडा ने कहा कि पार्टी द्वारा आगामी 11 अप्रैल को रांची में आयोजित हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन में सड़कों पर जनसैलाब उतरेगा। बैठक में गंगोत्री कुजूर प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, कांके विधायक समरी लाल, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, पूर्व सांसद अजय मारू, पूर्व विधायक दिनेश उरांव, कमलेश उरांव, विमला प्रधान, जीतू चरण राम, प्रमंडल में निवास करने वाले अपेक्षित पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रदेश कांग्रेस की संकल्प बैठक संपन्न, सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश

# 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रखंड से जिला स्तर तक नुक्कड़ सभा

**केंद्र सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जायेंगे कांग्रेस के कार्यकर्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किये जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी लगातार सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक संकल्प बैठक पुरानी विधानसभा सभागार में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे शामिल हुए। अविनाश पांडे ने कहा कि पूरे देश में राजनीतिक गतिरोध जारी है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अडाणी के बढ़ते पूंजीवाद पर सवाल खड़ा किया।

उन्होंने 20 हजार करोड़ के भ्रष्टाचार का मामला उठाया। इससे केंद्र सरकार डर गयी। उन्होंने कहा कि आज देश में सरकार के खिलाफ जो भी बोल रहा है, उसके दरवाजे पर इडी, सीबीआइ पहुंच रही है। राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा था। राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की लड़ाई हम हर कीमत पर जारी रखेंगे। भाजपा का विरोध करने वाला हर वर्ग आज प्रताड़ित है, दुखी है, लेकिन हमने संविधान और लोकतंत्र दिया है तो हम इसकी रक्षा भी करेंगे। चाहे इसके लिए हमें कोई भी कुर्बानी क्यों नहीं देनी पड़े। इस संबंध में सभी जिलाध्यक्षों को यह निर्देश दिया गया है कि 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रखंड से जिला स्तर तक नुक्कड़ सभा आयोजित कर केंद्र सरकार की विफलताओं को जनमानस के बीच ले जायें।



कांग्रेस नेता विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हर उस राज्य में सरकार को अस्थिर करने का प्रयास केंद्र के द्वारा किया जा रहा है, जहां गैर भाजपा सरकार है। हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं, लेकिन लोकसभा सचिवालय ने जिस हड़बड़ी में राहुल गांणी की सदस्यता रद्द करने का निर्णय लिया, वह समझ से परे है। संकल्प बैठक को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, केशव महतो कमलेश ने भी संबोधित किया। बैठका का संचालन प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने की।

संकल्प बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, भीम कुमार, महासचिव राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, रवींद्र कुमार वर्मा, तनवीर आलम, जवाहर महथा, अजय नाथ शाहदेव, कुमार गौरव, स्वेता सिंह, शिव कुमार भगत, परविंद्र सिंह, बलजीत सिंह बेदी, रंजन बोयपाई, बिनोद कुशवाहा, विजय कुमार चौबे, सुरेश बैठा, मदन महतो, विजय सिंह, प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, जिलाध्यक्ष-कुमार राजा, राकेश किरण महतो, सुखेर भगत, शकील अहमद अंसारी, शमशेर आलम, रमा खलखो, अग्रणी मोर्चा के गजेंद्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन, केदार पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हेमंत सरकार की लूट और झूठ की पोथी का जनता के बीच जाकर पर्दाफाश करेंगे: सुदेश

**जमशेदपुर में आजसू केंद्रीय समिति की बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झूठ की पोथी पेश कर जनादेश हासिल करने वाली हेमंत सोरेन सरकार में लूट किस कदर हावी है, इसका पर्दाफाश जनता के बीच में जाकर करेंगे। सरकार की नीति, निर्णय और मंशा का कच्चा चिट्ठा भी खोलेंगे। आजसू पार्टी ने कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा तय की है। इसी सिलसिले में राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन पंचायत लगायी जायेगी।

उक्त बातें सुदेश महतो ने सोमवार को जमशेदपुर में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में कहीं। कहा कि सरकार ने तीन साल में जनादेश के साथ बड़ा छल किया है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मुख्यमंत्री ने नियोजन नीति के नाम पर अपना पॉलिटिकल एजेंडा सेट करने की कोशिश में सब कुछ उलझा कर रख दिया है। विशेष सत्र बुलाकर किसी भी दल का विचार नहीं सुना गया। विकास के तमाम मानकों पर झारखंड लगातार पिछड़ रहा है। सरकारी संरक्षण में लूट का बोलबाला है अराजकता का नेतृत्व खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन का वातावरण इतना बिगड़ चुका है कि इन बीस महीनों में राज्य का भारी नुकसान ही होगा। इसलिए राज्य हित में पार्टी के हर स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सरकार के खिलाफ मोर्चाबंदी करें।



### 13 अप्रैल को सभी जिलों में आक्रोश मार्च

आजसू पार्टी 13 अप्रैल को राज्य के सभी जिलों में आक्रोश मार्च निकालेगी। नियोजन नीति उलझाये रखने और वेकैंसी, परीक्षाओं, रिजल्ट के इंतजार में लाखों युवाओं के सपने से खिलवाड़ के खिलाफ यह आक्रोश मार्च असरदार होगा।

आजसू पार्टी ने केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में दो टूक कहा कि जातीय जनगणना से सरकार नहीं भागे ओबीसी आरक्षण का यही सही मापदंड हो सकता है। बिना ट्रिपल टेस्ट सरकार ने पंचायत चुनाव कराया और अब नगर निकाय चुनाव में भी वह ट्रिपल टेस्ट से बचना चाह रही है। जबकि आजसू पार्टी सड़क से लेकर सदन में इस विषय पर अपनी आवाज मुखर करती रहेगी। साथ ही पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च अदालत का भी रुख किया है।

### सांसद समेत प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया

केंद्रीय समिति की बैठक को पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक समेत कई प्रमुख नेताओं ने भी संबोधित किया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ़ में एनडीए उम्मीदवार की जीत के साथ हेमंत सोरेन सरकार और यूपीए गठबंधन की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। आंदोलन और कार्यक्रमों की रूपरेखा रिसर्च एंड डेटा एनालिसिस विंग का गठन करेगी आजसू पार्टी। ऐसा करने वाली पहली पार्टी होगी आजसू।

### महाधिवेशन से पहले एक लाख सक्रिय कार्यकर्ता खड़े होंगे

कार्यसमिति की बैठक में पार्टी प्रमुख ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि अक्टूबर में होने वाले महाधिवेशन से पहले एक लाख सक्रिय कार्यकर्ता खड़े किये जायें, जो सांगठनिक और चुनावी मोर्चा पर पार्टी के लिए रीढ़ साबित होंगे। पार्टी का महाधिवेशन 6 से 8 अक्टूबर तक रांची में होगा।

### कैबिनेट की बैठक : 44 प्रस्तावों को मंजूरी, भवनों में अब टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा देना अनिवार्य

# रांची में 605 करोड़ की लागत से खरीदी जायेंगी 244 सिटी बसें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की सोमवार को हुई बैठक में कुल 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में मंजूर किये गये प्रस्तावों के बारे में कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय कर्मियों के लिए सातवें वेतन आयोग के आलोक में सरकार का वित्तीय भार 2027-28 तक होगा। पहले यह सिर्फ 2022-23 तक था। वहीं नगर विकास विभाग रांची नगर निगम में 605.45 करोड़ की लागत से 224 सिटी बसों की खरीद करेगा। इन बसों में नॉन एसी की 220 और एसी इलेक्ट्रिक बस 24 होगी। इससे राजधानी में बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था हो सकेगी। उन्होंने कहा कि रांची शहरी क्षेत्र में चल रही सिटी बस सेवा में नगर निगम नये रूट पर बसों को चलाने की तैयारी में है। इसके तहत ही कैबिनेट की बैठक में 244 बसों को चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। विभागीय प्रस्ताव के मुताबिक बसों के परिचालन के लिए कुल 13 रूट और दो सौ नये बस स्टॉप बनाये जायेंगे। प्रत्येक बस प्रतिदिन 174 किमी की दूरी तय करेगी। बसों के परिचालन में कुल सकल लागत 62 रुपये प्रति किमी होगा, जबकि कुल राजस्व संग्रह 44.08 रुपये है। इस प्रकार प्रति किमी 17.03 रुपये का घाटा होने की संभावना है। ऐसे में अगले 10 वर्षों में 247 करोड़ रुपये के घाटे का आकलन किया गया है। इन बसों का प्रस्तावित किराया दो किमी तक पांच रुपये, दो से पांच किमी तक 10 रुपये, पांच से 10 किमी के लिए 15 रुपये और 10 किमी से अधिक होने पर 20 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक दो वर्षों में 11 प्रतिशत किराया वृद्धि होना प्रस्तावित है। पीपीपी मोड पर योजना का क्रियान्वयन ग्रॉस कॉस्ट कांट्रैक्ट मॉडल के आधार पर होगा, जिसमें तीन पक्ष ऑपरेटर एक, ऑपरेटर दो और रांची नगर निगम होगा।

### कैबिनेट की बैठक में इन प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी

- रांची में ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 के लिए 657.82 करोड़ की लागत की मंजूरी दी गयी। वर्तमान में रांची के सुकरहुट्टू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 57.82 करोड़ की राशि दी गयी है।
- झारखंड के भवनों में अब कॉमन टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना अनिवार्य होगी। नगर विकास विभाग के बिल्डिंग बायलॉज 2016 में संशोधन किया गया है। इससे टेलीकॉम कंपनी और सर्विस प्रोवाइडर इन भवनों में आसानी से डिजिटल सुविधा पहुंचा सकेगी।
- सिमडेगा, खूंटी, दुमका में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पायलट प्रोजेक्ट होगा शुरू।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 में सरकार द्वारा देय प्रीमियम सब्सिडी राज्यांश एवं किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि को राज्य सरकार द्वारा भुगतान करने के लिए 362.50 करोड़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही बीमा कंपनियों के भुगतान की मंजूरी दी गयी है।
- हर घर तक सुविधा पहुंचाने को लेकर मोबाइल वेटनरी यूनिट स्थापित करने के लिए 236 मोबाइल वेटनरी यूनिट क्लीनिक खोली जायेगी। इसके लिए 46 करोड़ दिये गये हैं।
- प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की नियमावली में संशोधन किया गया है। इससे सरकारी सहायता प्राप्त सभी स्कूलों के साथ मदरसा को भी लाभ होगा।
- रांची में दुर्गा सोरेन चौक से रिंग रोड तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 65 करोड़ की योजना स्वीकृत।
- नमामि गंगे योजना के तहत रामगढ़ में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 310 करोड़ की योजना मंजूर हुई है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 की एमएलए फंड की एकमुश्त निकासी की स्वीकृति दी गयी। इसके लिए डीसी बिल समर्पित करना जरूरी नहीं होगा।
- एकलव्य मॉडल स्कूल को एनजीओ से चलाने के लिए मार्च 2023 तक इसी तरह कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित आश्रम विद्यालय, पीवीटीजी आवासीय एसटीएससी प्राथमिक विद्यालय को भी एनजीओ से चलाने के लिए मार्च तक अवधि विस्तार दिया गया।
- बैठक में कई विभागों यथा उत्पाद,कृषि, श्रम, कार्मिक, नगर विकास आदि की नियमावली में मैट्रिक, इंटर झारखंड से पास होने की अनिवार्यता को खत्म किया गया।

### हजारीबाग का भूमि मुआवजा घोटाला

# सीबीआइ को पार्टी बनाने का हाइकोर्ट का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी द्वारा जमीन अधिग्रहण मामले के दौरान हुए तीन हजार करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले में दायर जनहित याचिका पर सोमवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सीबीआइ को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की बेंच ने मंटू सोनी द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई की। मंटू सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा। अदालत अब दो सप्ताह बाद इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी।

### क्या है मामला

हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुसंशा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आइएएस देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआइटी गठित की थी। एसआइटी ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में तीन हजार करोड़ का भूमि मुआवजा घोटाला किये जाने और तीन सौ करोड़ मुआवजा बांट दिये जाने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त से पत्राचार किया गया है। वहीं देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआइटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गयी है। जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर मजरुआ खास और आम भूमि, सार्वजनिक उपयोग की जाने वाली जमीन, श्मशान घाट, स्कूल, मैदान आदि जमीनों का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे की बंदरबांट की गयी थी। देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआइटी की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं किये जाने के बाद मंटू सोनी ने इसकी शिकायत पीएमओ से भी की थी।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — समय अनुकूल है, महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।
- **वृष** — विरोधियों पर विजय, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** — वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।
- **कर्क** — निराशा का समापन, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **सिंह** — परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा।
- **कन्या** — नयी आशाएं उदित होंगी, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी।
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

# दुष्प्रचार बंद हो

अमेरिका के वॉशिंगटन में शनिवार को खालिस्तान समर्थकों के एक विरोध प्रदर्शन को कवर कर रहे भारतीय पत्रकार पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मिली जानकारी के मुताबिक उनके साथ खालिस्तान समर्थकों ने गाली-गलौज भी की। वैसे अच्छी बात यह रही कि उनकी शिकायत पर सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें आवश्यक सुरक्षा मुहैया करायी, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि कुछ समय से विदेश में खालिस्तान समर्थकों की सक्रियता बढ़ी है। खासकर, पंजाब में अमृतपाल सिंह के खिलाफ शुरू हुई पुलिस कार्रवाई के बाद उसका भागे-भागे फिरना उसकी उस छवि के एकदम विपरीत है, जो खालिस्तान के पक्ष में माहौल बनाने की साजिश में शामिल शक्तियां रचने में लगी हुई थीं। खुद अमृतपाल भी ऐसे दावे करता था कि अगर पुलिस ने उसे हाथ भी लगाया तो पंजाब में हिंसा की लहर फैल जायेगी। यह सब उस व्यापक और झूठे दुष्प्रचार का हिस्सा था, जो खालिस्तान समर्थक शक्तियां देश-विदेश में लगातार चलाती रही हैं। अमृतपाल की हकीकत इस बात का जीता-जागता सबूत है कि यह दुष्प्रचार कितनी बेबुनियाद बातों पर आधारित रहा है। मगर इसी दुष्प्रचार का परिणाम है कि प्रवासी भारतीयों का एक छोटा सा हिस्सा इसके प्रभाव में आ गया है। इसी के सहयोग से विदेश में विरोध-प्रदर्शनों और सांकेतिक जनमत संग्रहों आदि के जरिए ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है मानो खालिस्तान समर्थक ताकतें बहुत मजबूत हो गयी हों। इन कोशिशों को गंभीरता से लेते हुए भी हमें इनकी असलियत को लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं पालना चाहिए। हकीकत यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्व आज की तारीख में इंटरनेट के सहारे माहौल बनाने की थोड़ी-बहुत कोशिश भले करें, जमीन पर ठोस कुछ हासिल करने की स्थिति में नहीं हैं। इनकी ताकत का जो सबसे बड़ा स्रोत माना जाता है, उस पाकिस्तान की हालत खुद खस्ता हो चुकी है। इसके बावजूद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की ओर से अमृतपाल को मदद देने की बातें सामने आयी हैं। जहां तक भारत में, खासकर पंजाब के अंदर की बात है तो वहां भी बड़ा वर्ग इन लोगों के खिलाफ है। पंजाब के लोग अलगाववाद को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। अलगाववादी नेता सिमरनजीत सिंह मान ने एक सीट भले निकाल ली हो, याद रखना चाहिए कि हालिया विधानसभा चुनावों मे उनकी पार्टी को बमुश्किल 2.5 फीसदी वोट मिले। पिछले विधानसभा चुनावों में तो अलगाववादियों से ज्यादा वोट नोटा बटन के हिस्से में आये थे। मगर इन सबका मतलब कहीं से भी यह नहीं है कि विदेश में खालिस्तान के नाम पर हो रहे इन तमाशों को अनदेखा करना चाहिए। जरूरी है कि भारत सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए सुनिश्चित करे कि संबंधित सरकारें भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंड़ता से जुड़े इस मसले को हलके में न लें।

**हकीकत यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्व आज की तारीख में इंटरनेट के सहारे माहौल बनाने की थोड़ी-बहुत कोशिश भले करें, जमीन पर ठोस कुछ हासिल करने की स्थिति में नहीं हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस वर्ष की जी-20 थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'; भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के अंतर्निहित दर्शन को पूरी तरह से व्यक्त करती है। यह दर्शन भारत के जी-20 नेतृत्व का मार्गदर्शन करेगा। पहली जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की बैठक एक सकारात्मक परिणाम के साथ संपन्न हुई, जिसमें सभी जी-20 देशों ने भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) द्वारा प्रस्तावित विषयों पर अपना समर्थन व्यक्त किया।**

# जी-20 : सतत जलवायु के लिए जल संरक्षण



पंकज कुमार

भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। जी-20 नेतृत्व, देश को ग्लोबल वार्मिंग, भोजन और ऊर्जा की कमी, आतंकवाद, भू-राजनीतिक संघर्ष और डिजिटल अंतर को कम करने समेत विभिन्न आकस्मिक स्थितियों से मुकाबला करने के लिए दुनिया को 'भारत के प्रयास तथा वर्तमान स्थिति' (इंडिया स्टोरी) को सामने रखने का अवसर प्रदान करता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की जी-20 अध्यक्षता; पिछली 17 अध्यक्षता के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के आधार पर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

इस वर्ष की जी-20 थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'; भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के अंतर्निहित दर्शन को पूरी तरह से व्यक्त करती है। यह दर्शन भारत के जी-20 नेतृत्व का मार्गदर्शन करेगा।

पहली जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की बैठक एक सकारात्मक परिणाम के साथ संपन्न हुई, जिसमें सभी जी-20 देशों ने भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओइएफएंडसीसी) द्वारा प्रस्तावित विषयों पर अपना समर्थन व्यक्त किया। निम्न उर्वरता भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने, समुद्र-तटीय क्षेत्रों में नीली अर्थव्यवस्था के जरिये सतत विकास को बढ़ावा देने, जैव विविधता को बढ़ाने, जंगल की आग और समुद्री कचरे को रोकने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने आदि विषयों पर हुई गहन चर्चा ने दूसरे शिखर सम्मेलन में अधिक सकारात्मक एवं दृष्टिगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार किया है।

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है।**




**भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है।**

### जल संसाधन प्रबंधन के सर्वोत्तम तौर-तरीके

अपनी जी-20 की अध्यक्षता के कार्यकाल के दौरान, भारत जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों से जुड़े प्रभाव को कम करने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मति पर आधारित दृष्टिकोण के प्रति आशान्वित है। जल संरक्षण, वास्तव में, भारतीय पहचान और सांस्कृतिक इतिहास का अभिन्न अंग है और वर्तमान समय में यह और अधिक प्रासंगिक हो गया है।

पानी की बचत करना, केवल जल संरक्षण से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हम सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, चाहे समय और स्थान कोई भी हो।

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है।

हमारे महत्वाकांक्षी नमामि गंगे मिशन ने नदी के कायाकल्प, प्रदूषण में कमी, पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण और नदी बेसिन प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण आदि के संदर्भ में मूलभूत बदलाव किये हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने इसे प्राकृतिक जगत को पुनर्जीवित करने के लिए विश्व के शीर्ष 10 कायाकल्प कार्यक्रमों (रेस्टोरेशन फ़्लैगशिप) में से एक के रूप में मान्यता दी है।

अति महत्वपूर्ण जल भंडारण अवसंरचना को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए भारत, दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रम का भी कार्यान्वयन कर रहा है। इसके अलावा, मांग और आपूर्ति पक्ष से जुड़े कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से भूजल संसाधनों के दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए अटल भूजल योजना लागू की जा रही है। यह योजना समुदाय के नेतृत्व में, ग्राम पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से वर्तमान में चल रही/नयी योजनाओं के संयोजन के जरिये कार्यान्वित की जा रही है।

इन प्रयासों और कई अन्य योजनाओं के साथ, भारत वर्ष 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में, हम दूसरी जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) बैठक की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। यह बैठक जल संरक्षण और सतत तथा समानता आधारित जल संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी।

हमें उम्मीद है कि जल संसाधन प्रबंधन पर वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों और अभिनव विचारों पर चर्चा करने के लिए बैठक में विभिन्न जी-20 देशों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नदी कायाकल्प; जलवायु-अनुकूल अवसंरचना; भूजल प्रबंधन; स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए रणनीति आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए होने वाली चर्चाओं से भाग लेने वाले देशों को एक दूसरे से सीखने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

इतिहास और विरासत गुजरात के पर्याय हैं। गौरवशाली गुजरात में कई प्राचीन शहरों के अवशेषों, महलों, किलों और मकबरे मौजूद हैं, जो राजवंशों के भव्य स्वर्ण युग को दर्शाते हैं। रानी की वाव और अडालज वाव की बावड़ी; प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रदर्शित करती हैं तथा ये जल संसाधन संरक्षण के लिए भारत की दीर्घकालिक परंपरा की द्योतक हैं।

गुजरात, पुराने और नए पारंपरिक जल ज्ञान तथा जल अवसंरचना निर्माण में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों के मिश्रण के साथ, 20 देशों को एक मूल्यवान मंच प्रदान करेगा, ताकि प्रत्येक देश का सर्वश्रेष्ठ सामने आ सके और प्रत्येक देश से सीखने का अवसर मिल सके।

**(लेखक : जल संसाधन विभाग के सचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर कोर्ट के पास हत्याकांड के गवाह पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सिविल कोर्ट के गेट पर सोमवार की दोपहर एक युवक पर अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में युवक बाल बाल बच गया। वहीं गोली चलने के बाद कुछ देर के लिए उस जगह पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। गोली नवीन सिंह नामक युवक पर चलायी गयी थी, जो मनप्रीत सिंह हत्याकांड का गवाह था और गवाही देने के लिए कोर्ट पहुंचा था।

**फायरिंग के बाद आरोपी फरार :** घटना जमशेदपुर कोर्ट के गेट नंबर-3 के पास हुई हैं। वहीं गोली चलाने के बाद सभी बदमाश भागने में सफल रहे। वहीं घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस सहित वरीय पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये और मामले की छानबीन जुट गये है। घटना की जांच के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रही है।

**मनप्रीत हत्याकांड के गवाह पर फायरिंग :** पिछले साल हुई मनप्रीत सिंह की हत्या का नवीन कुमार सिंह गवाह है। नवीन सोमवार को इसी मामले में गवाही देने कोर्ट पहुंचा था, जहां पहले से घात लगाये बाइक सवार अपराधियों ने उस पर फायरिंग कर दी।

**मनप्रीत की घर में घुस कर की गयी थी हत्या :** आपको बता दें कि सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के शिवसिंह बगान में आठ जून 2022 को मनप्रीत पाल सिंह के घर में घुसकर बदमाशों ने मां के सामने ही हत्या कर दी थी। घटना के बाद इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने राहुल सिंह, गौरव और अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के चार दिनों के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजा था।

# गुड़ाबांदा में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच सामग्री का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुड़ाबांदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के महेशपुर में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच साड़ी, लूंगी एवं वस्त्र सहित अन्य सामग्री का जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। सोमवार को ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को बैग, कॉपी व पेन उपलब्ध कराया गया। मौके पर ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुनायत की उपस्थिति में छाता, फुटबॉल, गमछा और गंजी का वितरण किया गया। वहीं कुड़ियान की होनहार छात्रा मिरु हांसदा को कॉलेज जाने में दिक्कत ना हो, इसलिए एक साइकिल प्रदान किया गया।

इस मौके पर पुलिस के द्वारा आसपास से आये ग्राम प्रधानों और पूर्व नक्सली शंकर मुंडा, भोगलु सिंह, चुनू मुंडा को गमछा देकर स्वागत किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया ग्रामीण एवं पुलिस के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए सोशल पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों को पुलिस की ओर से भोजन भी कराया गया। मौके पर एसपी ग्रामीण मुकेश कुमार लुनायत, डीएसपी चंद्रशेखर आजाद, इंस्पेक्टर मनोज कुमार मल्लिक, डुमरिया थाना प्रभारी संजीवन उरांव, गुड़ाबांदा थाना प्रभारी प्रिणन कुमार, मुखिया सुमित्रा बास्के सहित अन्य पुलिस बल शामिल होकर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं। सभी ने जिला प्रशासन की सराहना की।

# आरआइटी पुलिस ने चोरी के सामान के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आरआइटी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस ने मोबाईल व जेवरात चुराए चोर को धर दबोचा। लखीपद महतो के घर से 19 हजार नगद व लाखों रुपए के जेवरात चोरी हो गई थी।जिसकी लिखित आवेदन आर आई टी पुलिस को दी गयी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश थाना प्रभारी त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर विशाल कालिंदी उर्फ भूता को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही छापामारी के दौरान चोरी किए हुए सामान बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हीरा अखाड़ा ने रामनवमी के लिए की भव्य तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची शहीद चौक स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर एवं श्री श्री बजरंग अखाड़ा समिति (हीरा अखाड़ा) के द्वारा रामनवमी की तैयारी अंतिम चरण पर हैं। मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई व विद्युत सज्जा का कार्य सोमवार को पूरा हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा एवं अखाड़ा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू ने कहा 29 मार्च बुधवार को श्री श्री हनुमान मंदिर का कलश यात्रा संध्या 7 बजे मानगो स्वर्णरेखा नदी से एमजीएम हॉस्पिटल गोल चक्कर होते हुए शीतला मंदिर से बड़ा गोल चक्कर होते हुए मंदिर प्रांगण पहुचेगी। कलश यात्रा में विभिन्न प्रकार के आतिशबाजी, विद्युतसज्जा, लाइट एवं झांकियां रहेगी। राकेश साहू ने बताया शोभायात्रा के दौरान विद्युत सज्जा आकर्षक का केंद्र रहेगा। दूसारे दिन 30 मार्च गुरुवार को दिन में रामनवमी की पूजा ओर शाम में सदस्यों का स्वागत उसके बाद अखाड़ा जुलूस निकलेगी। 31 मार्च शुक्रवार को विसर्जन किया जायेगा।

# विधायक ने आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बोड़ाम प्रखंड के भूला में 5.2 कोरोड़ की लागत सर बन रहे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण किया।सोमवार को निरीक्षण के दौरान विधायक ने ठेकेदार को तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा वर्ष 2019 में भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ 20 लाख का स्वीकृति दी गई थी। ठेकेदार ने काम शुरू करने के बाद प्राक्कलित राशि बढ़ाने की मांग को लेकर विभाग में लिखित आवेदन दी थी। इस मामले में विधानसभा में बात को उठाते हुए भवन का निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए 75 लाख की स्वीकृति दी गई। अब 5. 2 करोड़ की लागत से भवन निर्माण कार्य पूरा होगा। उनहोनर कहा फिलहाल कार्य प्रगति पर है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, काजल सिंह, श्याम सुंदर सिंह, शिव शंकर महतो मौजूद रहे।

## ओड़िशा की खबरें

# बीजेडी ने जारी की 30 जिलों की पर्यवेक्षक सूची

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आम चुनाव आने वाले हैं। इससे पहले अपनी संगठनात्मक ताकत को मजबूत करने के लिए बीजेडी ने पर्यवेक्षक स्तर पर परिवर्तन किया है। सोमवार को 30 जिलों के लिए 26 बीजेडी पर्यवेक्षकों की सूची घोषित की गयी है। उसी तरह कैप्टन दिव्य शंकर मिश्र को कोरापुट और मालकानगिरी की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा मयूरभंज के लिए प्रशांत मुदुली, संबलपुर-ढेंकानाल-अंगुल- केंऊझर के लिए प्रणब प्रकाश दास, वालेश्वर के लिए प्रताप केशरी देब, बरगड के लिए सुधीर कुमार सामल, कटक के लिए प्रफुल्ल कुमार मलिक, जगतसिंहपुर के लिए अरुण कुमार साहू, कंधमाल के लिए विजय बी नाइक, प्रमिला मल्लिक को केंद्रापड़ा, ईश्वर पाणिग्रही को नबरंगपुर, पद्मनाभ बेहेरा को नयागड, स्नेहांगीनी छुरिआ को नुआपडा, रणेद्र प्रसाद स्नाई को पूरी, प्रीति रंजन घड़ाई को सुंदरगड, प्रणब बलवंत राय को कलाहांडी, प्रदीप कुमार अमांत को गंजाम, सौभाग्य नायक को बोध, अशोक कुमार पंडा को जाजापुर, शारदा प्रसाद नायक को झारसुगुड़ा, देवेश आचार्य को सुबर्णपूर, अतनु सब्यसाची नायक को रायगड़ा और गजपति जिले की जिम्मेदारी दी गयी है। बीजेडी के संगठन संपादक प्रणब प्रकाश दास को सर्वाधिक चार जिलों के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गयी है।

# राज्य के गृह मंत्री ने विधानसभा को जानकारी दी, ओडिशा में कुल 18,268 लाइसेंसी बंदूकधारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य में कुल 18,268 लाइसेंसी बंदूकधारी हैं। इनमें से ज्यादातर क्योंझर जिले के 1 हजार 327 हैं। राज्य के गृह मंत्री तुषारकांति बेहेरा ने सोमवार को विधानसभा में जानकारी दी कि जिलाधिकारी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा, लक्ष्य अभ्यास और बैंक संपत्ति की सुरक्षा के लिए गार्ड अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर यह बंदूक लाइसेंस जारी किया है। विधायक तारा प्रसाद बाहिनीपति के एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि राज्य में जब बंदूक डीलिंग देखी जाती है, तो बंदूक माफिया के खिलाफ शिकायत की जाती है। इसी तरह ढेंकनाल जिले में लाइसेंस प्राप्त बंदूकधारियों में 1 हजार 120 लोगों की पास ही, जबकि कलाहांडी में 999, संबलपुर में 840 और कटक में 764 हैं। मालकानगिरी जिले में केवल 11 लोगों के पास लाइसेंसी बंदूकें हैं।**

## आभूषण एवं नकदी समेत पांच लाख से अधिक की चोरी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** लुपुंग टोला निवासी राजेंद्र साहू के घर में खिड़की तोड़कर चोरों ने घर से आभूषण और नकदी समेत पांच लाख रुपये से अधिक के सामान चोरी कर लिए। घटना रविवार की देर रात की है। जानकारी के मुताबिक चोर खिड़की रास्ते घर में घुसे और अलमीरा के भीतर का पूरा सामान बिखेर दिया। इसके बाद सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर चंपत हो गए। सोमवार की सुबह उनके बड़े भाई वीरेंद्र साहू ने सामान बिखरा देख पुलिस को सूचना दी। बतातें चलें कि भुक्तभोगी राजेंद्र साहू का दुर्घटना में पैर टूट जाने के कारण रांची में इलाज करा रहे हैं। जबकि पूरा परिवार अस्पताल में हैं। उधर, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घर को बंद करवा दिया है। रांची से एफएसएल की टीम को बुलाया गया है, ताकि घर में लगे चोरों के फिंगर प्रिंट समेत अन्य साक्ष्य बरामद किए जा सके। उधर, राजेंद्र साहू के पुत्र सागर साहू ने सिल्ली थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## विधायक सुदेश महतो ने मंदिर में दी एलइडी लाइट

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिसना बाबा पहाड़ी शिव मंदिर के लिये विधायक सुदेश महतो ने दो एलईडी लाइट दिये। मंदिर परिसर में मदिर संचालन समिति को लाइट सुपुर्द किया। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुरोहित तरुण मुखर्जी, एवम मंदिर संचालन समिति के, संतोष पांडेय, कुंवर अहीर, लालू प्रजापति, अनूप सिंह, प्रमोद लाल, संतोष पांडे , शशि शेखर मिस्त्र,रंजीत पांडे, भुवन दास आदि मौजूद थे।

### तोरपा प्रखंड के गुटुहातू गांव में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला है सक्रिय प्रयास : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के तोरर्पा प्रखण्ड के गुटुहातू गांव में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों ने इलाज कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा मोबाइल यूनिट (आई, डर्मा, इएनटी, डेटल) सहित कई रोगों का इलाज किया गया। ग्रामीणों ने लंबी कतारों में लगकर स्वास्थ्य लाभ लिया। मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, हृदय रोग, मोबाइल केयर( आई, डर्मा व डेंटल), न्यूरो से संबंधित गंभीर रोगों का इलाज किया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच 280 चश्मा का भी वितरण किया गया। हड्डी रोग, चर्म रोग, पेट रोग, न्यूरो रोग, नेत्र रोग, यूरो रोग, मधुमेह रोग, रक्त रोग आदि रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहें। डीसी शशि रंजन ने लोगों को स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला सक्रिय प्रयास है। उन्होंने कहा कि सुदूर क्षेत्र में इस आयोजन का उद्देश्य है कि इससे ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक 15 दिनों पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगाए जायें। हेल्थ कैंप में आने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था दाल भात योजना के तहत की गई थी। इस दौरान आपूर्ति विभाग के माध्यम से फोटीफाईड चावल व सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ मिला। साथ ही कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण शिविर के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, अन्नप्राशन व गोदभराई कराई गई। कार्यक्रम में उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारीयों सहित जिला परिषद अध्यक्ष, प्रमुख, उपप्रमुख और अन्य अतिथियों का स्वागत ग्रामीणों ने जोहार के साथ किया।




स्वास्थ्य मेले में पहुंचे लोगों को संबोधित करते डीसी शशि रंजन।

# सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें : संतोष कर

### आरसेटी में छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

## नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ना मुख्य उद्देश्य



**बताया कि आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष है उन्हें उनकी रूचि के अनुसार नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ना एवं उन्हें एक सफल उद्यमी बनाना है, ताकि वे अपने साथ साथ व्यक्तियों को भी रोजगार से जोड़ सकें। प्रशिक्षण के बाद बैंकों से ऋण उपलब्ध कराना एवं दो वर्षों तक उनकी निगरानी करना शामिल है। इस वितीय वर्ष में आर सेटी द्वारा 608 लोगों को प्रशिक्षण से जोड़ा गया है। वितीय वर्ष 2023-24 में सरकार के निदेर्शानुसार 800 लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें मछली पालन, महिला दर्जी, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट, सब्जी नर्सरी प्रबंधन, बैंक मित्र, सुकर पालन, लाइट मोटर व्हीकल ट्रेनिंग, बकरी पालन, मशरू की खेती, दो पहिया मोटर मैकेनिक, सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम, मुर्गी पालन आदि शामल हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला के सभी छह प्रखंडों से आये 35 प्रशिक्षणार्थियों का छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन समारोह बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी खूंटी में सोमवार को आयोजित किया गया। बीओआइ आर सेटी के वरिष्ठ संकाय सह फैसिलेटर सुशील कुमार ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणर्थियो को बैंकों से जुड़ी सभी योजनाओं से अवगत कराया। कहा कि प्रशिक्षण के बाद मुद्रा योजना के तहत शिशु, किशोर और तरुण योजना से जोड़कर बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि वे एक सफल उद्यमी बनकर जिले का नाम रोशन कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान निदेशक ने भी प्रशिक्षुओं को बैंक संबंधि विभिन्न जानकारी दी। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर भी शामिल हुए। साथ ही झामुमो तोरपा के प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी के सुशील कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार की मुद्रा योजना का लाभ लें और खुद का व्यापार शुरू करें। जरूरत पड़े तो बैंक से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके भविष्य की कामना की।

## रोहिणी प्रबंधन एवं तुमांग के रैयत विस्थापितों की बैठक

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना प्रबंधन और तुमांग के रैयत विस्थापित ग्रामीणों के बीच सोमवार को बैठक हुई। जिसमें ढुब पेटपेट के ग्रामीण विस्थापितों द्वारा दिये गए मांग पत्र पर चर्चा की गई। ग्राम पेटपेट ढुब के ग्रामीणों का घर सर्वे कर उचित मुआवजा देने, साथ ही पुर्नवास स्थल पर समुचित व्यवस्था, तुमांग देवी मंडप, सरना पूजा स्थल का पुर्नवास, तुमांग अंतर्गत गैरमजरूआ जमीन, जंगल झाड़ी आदि के जमीन को बाहरी गैर खतियानी व्यक्तियों द्वारा जमीन बंदोबस्ती कराया गया है, उन्हें चिन्हित कर गैर रैयतों को नौकरी मुआवजा देने पर प्रबंधन के रोक आदि को लेकर चर्चा की गई।

## दो अप्रैल को तोरपा में होगा प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव, संचालन समिति का गठन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव दो अप्रैल को आयोजित होगा। उक्त निर्णय तोरपा नगर भवन में सोमवार को हुई अखिल भारतीय सरना समाज की बैठक में लिया गया। रेड़ा पाहन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरहुल महोत्सव को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। बताया गया कि रविवार को प्रखंड परिसर तोरपा में पाहनों द्वारा सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक नृत्य, सरहुल संदेश के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। योभायात्रा सरना स्थल से शुरू होकर हिल चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक जाएगी। वहां माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। संचालन समिति में अध्यक्ष संतोषी तोपनो और उपाध्यक्ष मोंगला भेंगरा को बनाया गया है। जबकि सचिव की जिम्मेवारी चम्बरू भेंगरा को सौंपी गई है। गोला गुड़िया उप सचिव, औश्र दीपक तिग्ग कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनके अलावा सरंक्षक मंडली में रेड़ा मुंडा, रतिया पाहन, विनोद धान, शीतल धान, सनिका धान, दुबिया मुंडा, घसिराय धान और शंकर मुंडा को शामिल किया गया है। साथ ही पूनम भेंगरा, गंदौरी गुड़िया, माया तोपनो, मसीह भेंगरा, चोंगे पाहन, विजय कंडुलना, प्रताप गुड़िया, हिंगुआ गुड़िया, भोदो पाहन, डोमनिक तोपनो, मांगु मुंडा, राम हेमरोम, छोटन भेंगरा, कलावती भेंगरा, रोहित तानी, मनसा भेंगरा, सुजीत गुड़िया, सुशीला कंडुलना, मेरी गुड़िया, और राजू भेंगरा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## वुशू फेडरेशन कप में पांच स्वर्ण और चार कांस्य पदक लाकर राज्य का बढ़ाया मान



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ियों ने जलंधर के लवली प्रोफेसनल युनिवर्सिटी में भारतीय वुशू की मेजबानी में संपन्न छ्ठे वुशू फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोयलांचल सहित झारखंड का नाम रोशन किया है। चतरा जिला वुशू संघ के आठ खिलाड़ियों ने झारखण्ड वुशू संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया था, जिसमें पिपरवार के बेंती पंचायत के पाहन टोंगरी के विशाल गंझु ने दो स्वर्ण और एक कास्य पदक जीता। वहीं न्यू मालमहुरा के शिवम ऊरांव ने एक स्वर्ण और एक कास्य पदक अपने नाम किया। डकरा मोहन नगर के ललन यादव ने एक स्वर्ण और खलारी के भाष्कर ठाकुर ने एक स्वर्ण पदक जीता। बचरा के प्रशांत कैबरता और कुसुमटोला के जेठु गंझु ने भी एक-एक कास्य पदक जीतकर झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर ताऊलु स्परधा में तीतृय स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद लौटने पर सभी का भव्य स्वागत किया गया। झारखंड वुशू संघ के उपाध्यक्ष रजी अहमद, चतरा जिला वुशू संघ के उपाध्यक्ष कोलेश्वर गंझु और कोषाध्यक्ष अविनाश गंझु ने माला, पुष्प गुच्छ और ढोल-नगाड़ा बजाकर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। बेहतर प्रदर्शन पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है।

## जिप मद से मुंडा धौड़ा में जलमीनार निर्माण का हुआ शिलान्यास

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन ने सोमवार को 15 वित्त आयोग निधि के जिला परिषद फंड से चूरी मध्य पंचायत के मुंडा टोली में जल मीनार का शिलान्यास किया। कुल 7 लाख 53 हजार की राशि से जल मीनार का निर्माण किया जाएगा। साल 2007 में सीसीएल के द्वारा इस गांव को विस्थापित कर यहां बसाया गया था। जिसके बाद से लगातार यहां पर पानी की समस्या देखी जा रही थी। पंचायत चुनाव में वर्तमान जिला परिषद के द्वारा ग्रामीणों को जल मीनार देने का आश्वासन दिया गया था।

## मुरहू में 3767 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मुरहू थाना क्षेत्र के डोंडाडीह गांव के दक्षिणी दिशा में स्थित सुनसान जंगल झाड़ी क्षेत्र में रविवार को छापामारी अभियान चलाकर एक पिकअप वाहन पर लदे और पास में ही जमा किये गए 208 बोरा अवैध अफीम डोडा बरामद किया। जिसका वजन 3767 किलोग्राम है। पुलिस ने तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मुरहू थाना क्षेत्र के इट्टी गांव निवासी सिनु हस्सा पूर्ती (26), कुलीपीड़ी गांव के मुची कंडीर उर्फ सनिका कंडीर (30) और बरकेला गांव के सुंदरा ओड़ेया उर्फ मंगरा (27) के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध मुरहू थाना में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे सोमवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि उनके नेतृत्व में गठित छापामार टीम ने एसपी को मिली गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां पिकअप वाहन से बोरा में भरकर रखें अफीम डोडा को व्यापार के लिए अन्यत्र ले जाने की तैयारी की जा रही थी। वाहन में 20 बोरा अफीम डोडा लदा पाया गया। तुरंत वाहन सहित अफीम डोडा और आरोपितों के पास से बरामद तीन मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया। छापामार टीम में पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, मुरहू थाना प्रभारी चुडामणि टुडू, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, पुअनि लक्ष्मण चौधरी आदि शामिल थे।

## विहिप-बजरंग दल ने पहाड़ी मंदिर से निकाली भव्य शोभा यात्रा



**खलारी (आजाद सिपाही)।।** विश्व हिंदू परिषद (विपिह) सह बजरंग दल ने रामनवमी को लेकर सोमवार को खलारी पहाड़ी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली। जुलूस विहिप खलारी प्रखण्ड मंत्री संजीत सिंह व सेवा प्रमुख अनिल यादव, बजरंगदल युवा नेता प्रताप के नेतृत्व में निकाला गया। इस दौरान करीब 500 बाइक पर सवार सैंकड़ो रामभक्तों ने हाथों में भगवा झण्डा लेकर श्री राम, वीर हनुमान का जयकारा लगाते हुए शोभा यात्रा को शुरू किया। जो खलारी पहाड़ी मंदिर से शुरू होकर हुटाप मोड़ होते हुए मैकलुस्कीगंज, नवाडीह, करकट्टा, खलारी बाजारटांड,. खलारी बैंक चैक, केडी मुख्य बाजार, डकरा, मानकी, चुरी, राय, डुंडु, बमने, चुरी होयर, महावीरनगर होते हुए पुनः खलारी स्थित श्रीजानकी रमण मंदिर पर आकर समाप्त हुआ। भव्य बाईक जुलूस के आगमन पर क्षेत्र के मैकलुस्कीगंज, देवी मंडप करकट्टा, केडी मुख्य बाजार, डकरा, निर्मल महतो चैक सहित अन्य जगहों पर जोरदार स्वागत करते हुए विहिप कार्यकर्ताओं को चना और शरबत दिया गया। वहीं, विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए खलारी पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही। शोभा यात्रा में रामधारी गंझू, सुरक्षा प्रमुख, मुकेश यादव, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, भाजपा खलारी मंडल संयोजक रामसुरत यादव, जितेन्द्र पाण्डेय, उदय सिंह, कुलदीप लोहरा, कामेश्वर निषाद, विनोद यादव, श्याम लोहरा, उदय यादव, मनोज गंझू, प्रदीप परमाणिक, गिरधर तिवारी, पृथ्वी सिंह, कुण्डल साव, मनोज साव, गौरी शंकर केसरी, अनिल यादव, कमल शर्मा आदि शामिल थे।

### आराधना : मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की हुई पूजा

# मां कात्यायनी की आराधना करने से यश और कीर्ति में होती है वृद्धि: यज्ञाचार्य कृष्णानंद मिश्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** हुटाप स्थित देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के छठे दिन सोमवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की गयी। इसके अलावा सभी आवाहित देवताओ का पूजन किया गया। तत्पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ व जाप किया गया। शाम में आरती की गयी व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं आरती में कांके विधायक समरी लाल, श्याम सुंदर सिंह, भरत प्रजापति, बाबू लाल सिंह, बिरजू गुप्ता, शिवरत मुंडा, रमेश तुरी, पवन गुप्ता, भोला केसरी सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। हुटाप मंदिर के यज्ञाचार्य कृष्णानंद मिश्रा व जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मां कात्यायनी साहस और पराक्रम प्रदान करती हैं। मां कात्यायनी की आराधना करने से यश और कीर्ति में वृद्धि होती है। कठिन कार्यों में कामयाबी हासिल होती है। मां कात्यायनी की कृपा से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता आती है। शुत्रओं पर विजय प्राप्त होती है। यज्ञ में पूरे दिन श्रद्धालु लोग आकर मां देवी की पूजा की व यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। यजमान के रूप में गिरिधर मिश्रा त्और दिनेश पांडेय घंटू बैठे हैं। पाठ व जाप ब्राह्मण सम्पत चैवे, धनंजय ओझा, उमाकांत तिवारी उर्फ उधारी बाबा, दीनबन्धु शास्त्री, राजीव कुमार मिश्र, गोरा तिवारी द्वारा यज्ञ विधान कर रहे हैं।

उधर, करकट्टा देवी मंडप में कात्यायनी माता स्वरूप का पूजा अर्चना किया गया। करकट्टा देवी मंडप यगशाला में यज्ञाचार्य नरेंद्र पाठक व आचार्यो द्वारा सुबह पूरी विधि विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा पूजा किया गया। सप्तसती पाठ, आरती एवं पुष्पांजलि किया गया। शायन काल में माता का आवाहन कर बेल बरन का विशेष अनुष्ठान किया गया। उसके बाद आरती, पुष्पांजलि के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वहीं योग शिविर आयोजित में रोज की तरह सोमवार को भी प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक योगाचार्य अनिल तिवारी द्वारा योग करवाया गया।





### महत्वपूर्ण न्यूज

## बुंडू में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू में चैती छठ पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। सोमवार को छठ व्रतियों ने स्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार व समाज में सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु सूर्य सरोवर में दूध एवं पानी का अर्घ्य देने पहुंचे थे। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने को लेकर सूर्य सरोवर की साफ सफाई की गई थी।

## विधायक विकास मुंडा ने किया बैंक का उद्घाटन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातु रोड स्थित बिचका टोली में सोमवार को विधायक विकास कुमार मुंडा ने एचडीएफसी बैंक का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर ब्रांच मैनेजर सौरभ कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, अखिलेश कुमार, कुमार गौरव, अनूप चेल, बासुदेव महतो, रविंदर साहू, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## बुंडू में नवरात्रि मेला को लेकर बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के नवरात्री मेला को लेकर राधा रानी स्थाई कमेटी की ओर से सोमवार को एक बैठक की गई। जिसमें मेला को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर महेश शर्मा, जयप्रकाश महतो, मनसा पांडे, राजकुमार महतो, सुबोध मुखर्जी, मोहित मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा प्रगति पत्र के साथ ही प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गुरुवा मुंडा, रंथु उरांव, मंगू मुंडा, प्रधानाचार्य लखनलाल करमाली, सोहन रविदास, अभय कुमार मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

## बुंडू में मां दुर्गा की प्रतिमा रख कर की जा रही पूजा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** चैती दुर्गा पूजा और रामवनमी को लेकर बुंडू थाना रोड में दुर्गा प्रतिमा बनाकर पूजा की जा रही है। साथ ही नौ दिनों तक शाम में खीर प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक दुर्गा पूजा में रामायण पाठ एवं प्रवचन का भी आयोजन किया गया है, जिसे सुनने के लिए दूर दराज से लोग पहुंच रहे हैं।

## दिव्यांग शिविर में हुई मरीजों की पहचान

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में सोमवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अर्थो के 111, आंख के 26, इएनटी के 25, दिमागी रूप से परेशान 39 रोगी की पहचान की गयी।

## नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में शामिल होने को भिलाई के लिए रवाना हुई कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बुंडू के कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं सोमवार को छत्तीसगढ़ के भिलाई के लिए रवाना हुई। थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 30 वीं सब जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप जो 28 मार्च से 30 मार्च तक भिलाई में आयोजित होगी। इस नेशनल चैंपियनशिप में कस्तूरबा विद्यालय बुंडु की 10 छात्राएं कंचन कुमारी, जिना कुमारी, वर्षा कुमारी, ममता कुमारी, सुरभि कुमारी, कौशल्या कुमारी, मधुबाला कुमारी, पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी और रानी कुमारी कुमारी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जो इस दिन भिलाई के लिए रवाना हो गई। छात्राओं का झारखंड टीम में चयन दिसम्बर 2022 में खेलगांव रांची में आयोजित स्टेट लेवल चैंपियनशिप के दौरान हुआ था। छात्राओं के साथ विद्यालय की फिजिकल टीचर श्सुनीता महतो भी भिलाई गई हैं । छात्राओं की सफलता पर खुशी जताते हुए बुंडू बीईओ रहमत अली, विद्यालय की वार्डन भूमिका कुमारी, शिक्षिका ज्योत्स्ना शांडिल, शिक्षिका चांदनी कुमारी ने सभी छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## बुंडू में सामूहिक सरहुल पूजा का आयोजन




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के कांची गांव में सोमवार को सामूहिक सरहुल पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत किया। सुबह करम डाली व फुल से पाहान द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को सरहुल नाच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद परमेश्वरी साडिल ताराचंद सिंह मुंडा बासु सेठ सुरत दास के अलावे मुखिया वाड सदस्य पंचायत समिति सदस्य व समिति के लोग शामिल हुए।

## बुंडू में नव युवा संघ कमेटी का गठन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बुंडू पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुधिगदा में युवाओं की बैठक हुई। जिसमें समाज में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक और राजनीतिक विकाश करने के साथ समाज के लोगों को जागरूक करने सहित गरीब और जरूरत मंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नव युवा संघ का पुर्नगठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष धनंजय कुमार, उपाध्यक्ष बबलू यादव, सचिव संजय तुरी, उप सचिव राकेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू तुरी, महासचिव विकास करमाली, महामंत्री भुनेश्वर तुरी, मीडिया प्रभारी अजय तुरी, संरक्षक रोहित तुरी और गणेश बंसल को बनाया गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 28 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री बंशीधर नगर गुलाब मेमोरियल मार्केट में कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर मुख्य बाजार स्थित गुलाब मेमोरियल मार्केट में श्री बंशीधर इन्फोटेक का उद्घाटन थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष कनिष्क कुमार, झामुमो नेत्री किरण देवी, बीजेपी नेत्री लवली आनंद, वरिष्ट नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडे ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर की शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर आज की जरूरत है। इसके बिना अब जीवन की कल्पना नहीं है। उसे आज एक कंप्यूटर कर देता है। संचालक अविनाश कुमार और देव प्रकाश विश्वकर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कंप्यूटर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सेंटर खोला गया है तथा इस सेंटर में प्रथम 50 छात्र-छात्राओं का नामांकन मुफ्त में किया जाएगा। वहीं बाजार के अन्य सेंटरों के मुकाबले मासिक शुल्क कम रखा गया है। जिससे गरीब बच्चे भी कंप्यूटर की शिक्षा से वंचित नहीं हों। मौके पर शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, विकाश स्वदेशी, रामचंद्र राम, विश्वनाथ राम, चेतनाथ, दीपक विश्वकर्मा, रोहित कुमार, अमर सोनी, गौतम, सूचित, सूरज आदि मौजूद थे।

### रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल का भव्य मंगला जुलूस एवं शोभायात्रा आज

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के द्वारा भव्य मंगलवारी जुलूस चिनिया मोड़ स्थित काली मंदिर के प्रांगण से दोपहर 2 बजे निकाला जाएगा। मंगलवारी जुलूस की शुरुआत काली मंदिर के प्रांगण से होते हुए रंका मोड़, गढ़देवी मंदिर, मेन रोड होते हुए रामलला मंदिर तक वहां से निमिया स्थान, पुरानी बाजार के जोड़ा मंदिर होते हुए रंका मोड़ हनुमान मंदिर पर समाप्त होगा जहां महाआरती का आयोजन किया गया है। मंगलवारी जुलूस को आकर्षक बनाने के लिए छऊ नृत्य, विशाल बजरंगबली और बांदरी सेना के कलाकार को बाहर से बुलाया गया। शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए सनातन बेटियां सांस्कृतिक वेशभूषा में जुलूस में मौजूद रहेंगी। समिति ने जुलूस में शामिल होने के लिए शहर के सभी अखाड़ा एवं पूजा कमेटी को आमंत्रित किया है। मंगलवारी जुलूस के बहाने सनातन एकता को दर्शाने की पूरी तैयारी कमेटी ने कर रखी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, थाना प्रभारी सदानंद कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड स्तरीय शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार समय-समय पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करती रहती है ताकि गरीब व लचार व्यक्ति का इलाज शिविर में किया जा सके। शिविर में मलेरिया से संबंधित 56, कुष्ठ रोग से संबंधित 9, टीबी बीमारी से संबंधित 27 एवं नेत्र से संबंधित 19 मरीजों की जांच चिकित्सक के द्वारा की गयी। वहीं चिकित्सक ने सभी तरह के मरीजों को उपलब्ध दवा दी एवं चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में आकर मरीजों को अपनी इलाज करना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्रों में इस तरह का शिविर लगे ताकि ग्रामीणों को पंचायत में ही इलाज कर उन्हें दवा उपलब्ध करायी जा सके। वही चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव में फैल रही मलेरिया, फाइलेरिया टीवी, कुष्ठ आदि जैसी बीमारियों की पहचान शिविर लगाकर किया जा सके। वहीं चिन्हित लोगों को इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत हो इसके लिए शिविर का आयोजन किया गया है।शिविर में नेत्र सहायक प्रकाश पांडे, अकाउंटेंट मृगेंद्र कुमार, लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार,एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार, मलेरिया सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार ठाकूर,के अलव सभी एएनएम जीएनएम कार्यक्रम में उपस्थित थी।

**कार्यक्रम :** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के द्वितीय वार्षिकोत्सव में मंत्री मिथिलेश ने कहा

# बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास प्रशंसनीय

**कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने मन मोहनेवाले एक से एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का द्वितीय वार्षिक महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं उपायुक्त शेखर जमुआर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन अनूप सोनी, सचिव आलोक सोनी, धीरज राज, आकाश कुमार, सोनू कुमार एवं प्राचार्य जोसेफ ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन शालिनी श्रीवास्तव एवं शिक्षक अमित के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम छोटे बच्चों ने मन मोह लेने वाले एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं उपायुक्त ने सत्र 2022-23 में अपने क्लास में टॉप किये बच्चों एवं अच्छे नंबर लाने वाले बच्चों के अभिभावकों को भी मंच पर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा के लिए एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि है। ऐसे विद्यालय अपने गढ़वा शहर में होने से यहां के बच्चों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सारी शर्तों को पूरा करता है।

उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय प्रबंधक का प्रयास काफी सराहनीय है। इसमें प्रतीत होता है कि अब गढ़वा के बच्चों का सर्वांगीण विकास में काफी सहयोग मिलेगा। ऑक्सफोर्ड ग्रुप के चेयरमैन डॉ शशिभूषण मेहता सह पांकी विधायक ने भी कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि विद्यालय परिवार उनके बच्चों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में अपनी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। प्राचार्य जोसेफ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने भाषण में विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों में नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा देने में विश्वास रखता है। विभिन्न गतिविधियों और प्रतिस्पर्द्धाओं के माध्यम से बच्चों में रुचि जागृत करना है ताकि आने वाले समय में यह बच्चे मजबूती से सभी चुनौतियों का सामना कर सकें और राज्य ही नहीं बल्कि देश में विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल दर्जा प्राप्त कर सकें।

समारोह में गणेश वंदना - तनिष्का, आरुषि, शिवांगी, सूरज, आर्यन, अभिषेक, राजस्थानी नृत्य- अनुष्का कुमारी, सिवान, प्राची, आयुष केसरी, गोल्डी कुमारी, आशीष, रुचि कुमारी, आदित्य अनंत सोनी, रंजन, चाहत सिंह, आर्यन, पंजाबी नृत्य- सूरज, अभिषेक, आर्यन, आशीष, रंजन, आयुष जावाद, आदित्य सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने अपना मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के मीडिया प्रभारी नूर आलम एवं शिक्षक सुमित सोनी, नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, नम्रता तिर्की, कविता चौधरी, अमित सोनी, अल्का लकड़ा, आलोक सर, सोनी मैम, सत्य प्रकाश बणवाल, सूरज कुमार ठाकुर, अंजली मैम, प्रियंका मैम, रागिनी मैम, रश्मी मैम, कर्मचारी राज कुमार, जयराम, संजित, जितेंद्र कुमार, देवरंजन, चित्तरंजन आदि मौजूद थे।

## श्रीराम नवमी पूजा समिति ने निकाला भव्य बाइक जुलूस

**बाइक जुलूस में गूंजा 'एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम'**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के श्रीराम नवमी पूजा समिति के तत्वावधान में निकाले गये बाइक जुलूस में हजारों की संख्या में राम भक्तों ने भाग लिया। समस्त राम भक्तों के द्वारा जुलूस की शक्ल में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों खरडीहा, कंचनपुर, हूरदाग, सलेया, रबदा एवं सोनदाग ग्राम से होते हुए सभी प्रमुख मार्गों सहित अनेकों चौक-चौराहों एवं विभिन्न गली-मोहल्ले होते हुए 'एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम' जैसे नारों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान जुलूस में शामिल रामभक्तों के लिए श्री रामनवमी पूजा समिति खरडिहा के द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही रवि भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर रवि शंकर पाण्डेय तथा खरडिहा पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार के द्वारा भी भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी थी। जबकि श्री राम नवमी पूजा के जुलूस का नेतृत्व श्री राम नवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, सचिव डॉक्टर दीनानाथ प्रसाद, उपसचिव रामबाबू ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि राजेश मधेशिया, मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू मद्धेशिया, मोहित कुमार चौधरी, व्यवस्था प्रमुख संजय कुमार उर्फ बाना जी, रानू राज, कमल सिंह, पवन पाण्डेय, मनीष चौधरी, विश्वनाथ यादव तथा अखाड़ा संयोजक अमित पाण्डेय के द्वारा किया गया। वहीं मोटरसाईकिल जुलूस में अनिल मधेसियां, सूरज मधेशिया, राजन कुमार, ओम प्रकाश कुमार, शुभम झा, सुदीप झा, सोना लाल तिवारी, सोनू पाण्डेय, सचिन मोदनवाल, गणेश कुमार, अविनाश पटेल, राजेश चौधरी, सुकृत पाण्डेय, मनीष कुमार, चंदन चौरसिया, आकाश कुमार, गोविंद कुमार, सचिन कुमार, सनातन कुमार, लालबाबू कश्यप, मोनू चौरसिया, विक्की कुमार, रंजन सोनी, पवन कुमार, विकास मधेशिया, महेन्द्र दास एवं प्रकाश मालाकार शामिल थे। वहीं रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा अपने पूरे दलबल के साथ मुस्तैद थे।

## नाबालिग छात्रा से बदतमीजी के विरोध में ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक को उक्त विद्यालय से स्थानांतरण की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय खरौंधा के शिक्षक ने एक नाबालिग छात्रा के साथ बदतमीजी की। घटना शनिवार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लमारी कला पंचायत की एक लड़की खरौंधा गांव में अपने नाना के घर रहकर उक्त विद्यालय में पढ़ती थी। वह कक्षा 6 की छात्रा है। उसने आपबीती अपने नाना-नानी को बतायी। इसके बाद धीरे-धीरे ग्रामीणों को भी मामले की भनक लग गयी। सोमवार को परिजन सहित ग्रामीण भी पहुंचे। इस संबंध में छात्रा, उसके नाना सुरेश मेहता, मामा राजेश कुमार ने मामले को सत्य बताते हुए स्पष्ट किया। ग्रामीणों ने विद्यालय के शिक्षक संजय ठाकुर पर आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने उक्त शिक्षक को अन्य विद्यालय में स्थानांतरण करने की मांग की। वहीं उपस्थित उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, पंचायत मुखिया परिखा राम सहित अन्य लोगों ने भी मामले का निष्पादन करने की कोशिश की। किन्तु निष्पादन नहीं हो सका। उक्त शिक्षक का विरोध करने वालों में समाजसेवी पप्पू पासवान, मोहन सोनी सहित सैकड़ों लोगों ने विरोध कर उक्त शिक्षक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

**आरोपी शिक्षक ने आरोप को बेबुनियाद बताया :** इस संबंध में पूछे जाने पर शिक्षक संजय ठाकुर ने बताया कि छात्रा एवं उसके परिजनों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार और बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि छात्रा को जोड़-घटाव भी नहीं आता है। मैं पढ़ा रहा था। इसी दौरान उसे डांट फटकार लगायी, जिस कारण आरोप लगाया जा रहा है।

## दानरो नदी छठ घाट पर व्रतियों ने दिया पहला अर्घ्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चार दिवसीय महापर्व चैती छठ पूजा के तीसरे दिन सोमवार को शाम डूबते भगवान सूर्यदेव को पहला अर्घ्य संपन्न हुआ। घाट पर जाने से पहले बांस की टोकरी में मौसमी फल, ठेकुआ, कसर, गन्ना और पूजा का सामान के साथ सजाया गया। वहीं मगलवार को उदीयमान सूर्य की अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व का समापन होगा। चैती छठ को लेकर स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, जय मां देवी संघ छठ पूजा समिति नदी में स्थित छठ घाट बनाया गया है।

जिला प्रशासन ने छठ व्रती और भक्तों को भक्तिमय वातावरण मनाने की भी अपील की है। यहां के स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा छठ घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया। यहां दूर-दूर से छठव्रती छठ पूजा करने को लेकर आते हैं। छठ पूजा को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष अजय केशरी, पवन कुमार, संरक्षक बिनोद जायसवाल आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छठव्रतियों को सुविधा कराया था स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, जय माता दी संघ स्टूडेंट क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में छठ पूजा के अवसर पर छठव्रतियों को सुविधा प्रदान करने को लेकर रोशनी, साफ-सफाई, छठ घाट की सजावट, थाला का निर्माण, तोरण द्वार का निर्माण, अर्घ्य के लिए दूध, दातून सहित अन्य व्यवस्था करायी गयी थी।

### कांडी प्रखंड में छठ घाटों पर छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सोमवार को चैती छठ महापर्व के अवसर पर प्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ व पर्यटन स्थल में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह द्वारा जेनरेटर, लाइट, टेंट, साउंड आदि की व्यवस्था की गई थी। इधर काण्डी प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा पर भी छठ व्रतियों ने अर्घ्य किया। यहां छठ पूजा समिति द्वारा लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। आकर्षक बनावटी झरना लोगों को मंत्र मुग्ध कर रहा था। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा बारी, उपाध्यक्ष रविरंजन उर्फ टिंकू, सचिव पंकज, उप सचिव अनूप कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सोनी, संरक्षक उदय राम, बाबूलाल, राकेश माही, मोहन, गोल्डन, राजेश चौधरी सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### पांकी विधायक ने नीलांबर पीतांबर के वंशज को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के लिए दिया निमंत्रण



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक शशिभूषण मेहता रविवार को शहीद नीलांबर पीतांबर के पैतृक गांव चेमो सनयां पहुंचे। वहां उनके बंशज से मिले और उनका हालचाल लिया। उन्होंने कहा कि नीलांबर पीतांबर के पैतृक गांव का विकास नहीं हो सका है। यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा जैसी सुविधाओं का अभाव है। इस गांव में उक्त सुविधाएं जल्द बहाल करवायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि नीलांबर पीतांबर की आदमकद प्रतिमा को लेस्लीगंज में स्थापित किया जा रहा है। उसमें उनके वंशजों के शामिल किया जाएगा। वे नीलांबर पीतांबर के वंशज देवनाथ सिंह को निमंत्रण देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नीलांबर पीतांबर के वंशज देवनाथ सिंह को लेस्लीगंज ले जाया जाएगा और वहां से नीलांबर पीतांबर की आदमकद प्रतिमा स्थापित किये जाने के समय वह उपस्थित रहेंगे और उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। मौके पर कुंवर सिंह, चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### भगवान की प्राप्ति केवल प्रेम भाव से ही संभव है : संत प्रपन्नाचार्य जी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नरगीर आश्रम, गढ़वा में चल रहे रामकथा ज्ञान कथा यज्ञ के पांचवें दिन पूज्य संत प्रपन्नाचार्य जी ने भगवान राम के बाल लीलाओं, चारों भाइयों के नामकरण संस्कार, विश्वामित्र मुनि द्वारा यज्ञ के रक्षार्थ राम लक्ष्मण को मांगना, पिता दशरथ के मनोव्यथा का वर्णन गहराई से किया। ब्रह्मा जी के मानस पुत्र रघुकुल के पुरोहित वशिष्ठ ऋषी द्वारा चारों पुत्रों का नामकरण किया गया। श्रीराम ने अपने बाल लीलाओं से माता कौशल्या को अपने परम ब्रह्म होने अहसास करा दिया था। एक बार माता कौशल्या ने श्री रामचन्द्रजी को स्नान कराया और श्रृंगार करके पालने पर पीढ़ा दिया। फिर अपने कुल के इष्टदेव भगवान की पूजा के लिए स्नान किया, पूजा करके नैवेद्य चढ़ाया और स्वयं वहां गई, जहां रसोई बनाई गई थी। फिर माता पूजा के स्थान पर लौट आई और वहां आने पर पुत्र को भोजन करते देखा। माता भयभीत होकर पुत्र के पास गई, तो वहां बालक को सोया हुआ देखा। फिर देखा कि वही पुत्र वहां भोजन कर रहा है। उनके हृदय में कंपन होने लगा। वह सोचने लगी कि यहां और वहां मैंने दो बालक देखे। यह मेरी बुद्धि का भ्रम है या कोई चमत्कार है। प्रभु श्री रामचन्द्रजी माता को घबराया हुआ देखकर मधुर मुस्कान से हंस दिए फिर उन्होंने माता को अपना अखंड अद्भुत रूप दिखलाया, जिसके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्माण्ड लगे हुए हैं माता का शरीर पुलकित हो गया, मुख से वचन नहीं निकलता। तब आँखें मूंदकर उसने रामचन्द्रजी के चरणों में सिर नवाया। माता को आश्चर्यचकित देखकर श्री रामजी फिर बाल रूप हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान की प्राप्ति केवल प्रेम भाव से ही संभव है। भौतिक पदार्थों से ईश्वर को कभी नहीं पाया जा सकता है। आज की कथा मे महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी।

**बैठक :** बंशीधर महोत्सव की तैयारियों को लेकर एसडीओ ने किया विचार-विमर्श, कहा

# बंशीधर महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में स्थानीय लोग भी बढ़-चढ़कर करें सहयोग

**8-9 अप्रैल को भव्य रूप से मनाया जायेगा बंशीधर महोत्सव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव 8-9 अप्रैल को भव्य रूप से मनाने को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सभागर में बैठक कर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ आलोक कुमार ने महोत्सव की तैयारियों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। बताया कि महोत्सव के लिए इवेंट कंपनी का चयन कर लिया गया है। प्रशासन महोत्सव की तैयारी में लगा है। इसमें आम लोगों का सहयोग भी जरूरी है। बैठक में एसडीओ ने उपस्थित लोगों से बंशीधर महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि महोत्सव कराने का उद्देश्य बंशीधर मंदिर को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। प्रशासन की ओर से महोत्सव को लेकर लगातार तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोग भी महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़ें। जिससे कि नगर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बन सके। इस दौरान सांसद की पुत्री स्मिता आनंद ने भी लोगों से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने नगर वासियों से भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

बैठक में व्यवसायियों ने भी बंशीधर महोत्सव को दिव्य बनाने के लिए अपनी तैयारियां की जानकारी दी। बताया कि महोत्सव के पहले शहर को दीपावली की तरह रोशन करने के लिए दीप का वितरण करने, भवनाथपुर मोड़ से लेकर मंदिर तक रथ यात्रा निकालने, बांसुरी का वितरण करने, बाहर से आने आने वाले लोगों के लिए शहर में कई जगहों पर पेयजल की व्यवस्था करने की जानकारी दी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी ने अपनी ओर से मंदिर की पेंटिंग कराने में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

बैठक में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, मजिस्ट्रेट अजय तिर्की, सांसद की पुत्री स्मिता आंनद, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बिजली विभाग के इइ सुमन दुबे, एई धीरेंद्र कुमार, नगर पंचायत की उपाध्यक्ष लता देवी, बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, झामुमो नेता अनुज दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, झामुमो जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, ईश्वरी पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, अनूप निराला, मुकेश चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### कांडी पुलिस ने कोयल नदी पुल पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के सुन्डीपुर पंसा स्थित कोयल नदी पुल पर सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि बिहार के राज्यपाल रोहतास जिला के दौरे पर हैं। रोहतास बिहार का ऐसा जिला है, जो झारखंड से लगता है। राज्यपाल की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार, एसआई स्वामी रंजन ओझा सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## टाटीसिलवे में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नवमी डोल मेला स्थल टाटीसिलवे के पास डॉ भीमराव अंबेडकर चौक में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह धूमधाम और संकल्प के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से एक तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष युवा नेता राजू नायक चुने गये। मौके पर राजू नायक ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब एक महान अर्थशास्त्री, न्यायवादी, राजनेता, लेखक, दार्शनिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने अछुतों या दलितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने हमेशा शिक्षा को हथियार बनाकर वंचितों और शोषितों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संचालन बंटी नायक ने किया। बैठक में अरूण राम, राजेश नायक, कृष्णा नायक, मानव राम, लकी नायक, सत्यदेव प्रसाद, किशन नायक, मनोज माली, रंथु नायक आदि उपस्थित थे।

## नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** शालिनी अस्पताल एवं साइटसेवर्स के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को टाटीसिलवे पश्चिमी पंचायत भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन टाटी पश्चिमी की मुखिया सुनीता देवी एवं पंसस इंदु देवी ने फीता काटकर किया। शिविर में करीब 85 लोगों के नेत्र की जांच की गई तथा उनके बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि आखों में मोतियाबिंद आम बीमारी हो गई है और अधिकांश लोग इससे ग्रसित पाए जाते हैं। उन्होंने आंखों की नियमित जांच कराने तथा शालिनी अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे मोतियाबिंद उन्मूलन अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। पंसस इंदू देवी ने भी लोगों से अपनी आंखों का अच्छी तरह देखभाल करने को कहा। शिविर को सफल बनाने में शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास, शिशिर कुमार भगत, रविन्द्र पाण्डेय, मुकेश कुमार, दिलीप मुण्डा, विजेन्द्र कुमार, मोहर महतो, संपूर्णानंद महतो, सीताराम साहू आदि का योगदान रहा।

## सरहुल मिलन समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय सरना समाज उत्थान समिति अनगड़ा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 28 मार्च को हेसल खोपी सरना में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। सोमवार को समिति के मुख्य संरक्षक सह टीएसी सदस्य जमल मुण्डा के मार्गदर्शन पर आयोजन समिति के सदस्यों ने खोपी सरना स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि कोरोना के कारण दो साल बाद इस समारोह को भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप पहान, मधु पहान, ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक, पूर्व जिप सदस्य रंथा महली, प्रदीप महतो, रामनाथ करमाली, सुनील करमाली आदि मौजूद थे।

## ओरमांझी के गांगू टोला गांव में आजीविका संसाधन केंद्र का हुआ उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** पूर्व लोकसभा सांसद रामटहल चौधरी, मुखिया दीपक बड़ाईक, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, उप मुखिया संतोष गुप्ता, वार्ड सदस्य मनी देवी, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी के द्वारा ओरमांझी के गांगू टोला में आजीविका संसाधन केन्द्र का उद्घाटन किया गया। आजीविका संसाधन केन्द्र के उद्घाटन में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी अभिषेक चांद, प्रशांत कुमार, कनीज फातीमा, विजेता टोप्पो, मोवीन खान, अनीता सिंह, धनोती देवी, किसुन, संदीप, दीपमडल, रेणु देवी, मुननी देवी, मनीता देवी, संगीता देवी, ग्राम संगठन की लेखापाल सह मास्टर बुककीपर कुमीता देवी, सुशीला देवी, रासो देवी, गीता देवी, लीलावती देवी, सुमित्रा देवी, सुनिता देवी आदि उपस्थित थीं।

## रातू में चैती दुर्गा पूजा समिति ने भव्य कलश यात्रा निकाली, पूजा पंडाल का उद्घाटन आज



**रातू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा समिति रातू के तत्वावधान मे सोमवार को बड़काटोली स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा मे शामिल 251 महिलाएं रातू चट्टी होते महाराजा तालाब तक गयीं। वहां पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कराया। इसके उपरांत देवी मंडप, जगन्नाथ मंदिर होते वापस मंदिर परिसर पहुंचे। मंगलवार को नवपत्रिका पूजन के उपरांत संध्या में पूजा पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। इसके उपरांत लोग माता का दर्शन कर सकेंगे। कलश यात्रा में भैरव सिंह, अशोक साहू, महेश महतो, सीताराम साहू, अखौरी राजेश, राजकुमार, हजारी प्रसाद, भोलू, गोलू, प्रदीप साहू, हरि साहू, गुड्डू, मंटू छोटू, मोनू, सोनू, सुदामा, लालजी साहू, संजय साहू सहित अन्य शामिल थे।

## महुआटुंगरी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** महुआटुंगरी स्थित हनुमान मंदिर का सोमवार से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू हुआ। सुबह में 501 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा को मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने विधि विधान से पूजा कराकर रवाना किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से लोगों में सात्विकता व विश्व कल्याण का भाव विकसित होता है। छह किमी की दूरी तय कर स्वर्णरेखा नदी से जल का उठाव कर जलाभिषेक किया गया। पूजन पं. ईश्वरचन्द्र गोस्वामी करा रहे हैं। दोपहर बाद से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू हुआ। इसमें आसपास के कई कीर्तन मंडली शामिल हो रही हैं। मौके पर अध्यक्ष मदन महतो, सचिव बालेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष ललिता देवी, उपाध्यक्ष साखो देवी, नरेश महतो, रोहित महतो, जीतू महतो, राजनाथ महतो, गोविन्द महतो, जमुना लोहार आदि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : इइएफ मैदान टाटीसिलवे में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

# सरहुल पर्व प्रकृति में जीवन के सौंदर्य को समेटे हुए नये साल की शुरुआत करता है

**इइएफ मैदान में आने वाले जुलूसों का स्वागत पाहनों ने लोटा-पानी के पारंपरिक तरीके से किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** टाटीसिलवे स्थित ईईएफ मैदान में सोमवार को टाटीसिलवे की ओर से सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी भजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। इसमें टाटीसिलवे और अनगड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांव व टोला से निकले जुलूसों का मिलान हुआ।

इइएफ मैदान में आने वाले जुलूसों का स्वागत पाहनों ने लोटा-पानी के पारंपरिक तरीके से किया। आयोजन समिति ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने सरहुल पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति में जीवन के सौंदर्य को समेटे हुए नये साल की शुरुआत करता है। समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य बिपीन टोप्पो, टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रांची ग्रामीण सह सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग अशोक नायक शामिल हुए। इसमें मांदर की थाप पर थिरकते अखाड़ा में सैकड़ों धर्मावलंबी शामिल हुए। इधर, देर शाम मिलन समारोह के मनोरंजन के लिये नागपुरी आर्केस्टा का आयोजन किया गया था। जिसका प्रकृति के उपासकों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

मंच का संचालन चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा ने किया। समारोह के सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक उमेश बड़ाईक, सरंक्षक कृष्णा पहान, अनिल लिंडा, डॉली कुमारी, संदीप तिर्की, कृष्णा लोहरा, नीता कच्छप, विजय टोप्पो, कविता देवी, हीरदू उरांव, अध्यक्ष अर्जुन पाहन, कोषाध्यक्ष कुलदीप कच्छप, सचिव सोहन मुंडा, महासचिव नूतन पाहन, रामचरण पाहन, किरण पाहन, सह-सचिव रंजीत उरांव, विनोद मुंडा, रासो पाहन, उपाध्यक्ष ललकु तिर्की, किस्टो कुजूर, सुजाता मिंज का अहम योगदान रहा।

## रामनवमी सौहार्द से मनाने का लिया गया निर्णय

**नगड़ी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। मौके पर प्रशासन के वरीय अधिकारी, शांति समिति के सदस्य और नगड़ी प्रखंड के रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा प्रेम और सौहार्द शांतिपूर्ण रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक का अध्यक्षता पुलिस मुख्यालय टू के पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार, संचालन पुलिस निरीक्षक ओम प्रकाश यादव और धन्यवाद ज्ञापन अंचल निरीक्षक रूद्ध प्रताप साहू ने किया बैठक में मुख्य रूप से लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, तपेश्वर केसरी, रामवरण महतो, केदार महतो दौलत राम केसरी, चुडामनी महतो, मुखिया जय गोपाल उरांव, प्रेमसागर महतो, हेमंत केसरी, शंकर चौधरी, बालकरण महतो, मनीष कुमार केसरी, गौरव राज, रवि केसरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## रातू में मारपीट में तीन युवक घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अंतर्गत अलकमर कॉलोनी में रविवार की रात अलकमर कॉलोनी के रहने वाले तीन युवकों को कॉलोनी के ही 10 से 15 युवकों ने जमकर मारपीट की। जिससे तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गये। घायलों में अलकमर कॉलोनी के मो. आफताब, फरहान व मो. शाहिल शामिल हैं। इनके सिर व पीठ में पंच व चाकू से हमला किया गया है। जख्मी युवकों का इलाज रातू स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मामले को लेकर मो. शाहिल के चाचा मो. मुस्ताक ने रातू थाने में तीन पर नामजद व कई अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

## बेड़ो में झांकी एवं अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में रामनवमी पूजा के अवसर पर मंगलवार की रात प्रखंड के विभिन्न अखाड़ेधारियों के बीच अस्त्र शस्त्र चालन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के करांजी, फदिलमर्चा, पाकल मेडी, भंडरा, कटरमाली, डहू टोली, मासु, मुड़ामु, हरिहरपुर जामटोली, गायत्री नगर बेड़ो सहित प्रखंड के कई गांव की टीमें भाग लेंगी। जिसमें श्रद्धालु ने परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों एवं गाजे-बाजे के साथ पहुंचेंगे। वहीं झांकी में राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान की वेशभूषा में शामिल होंगे। ढोल और ताशे की धुन पर अखाड़ा के साथ खिलाड़ियों द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाया जाएगा। इस दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को रामनवमी के दिन पुरस्कृत किया जाएगा।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरागेट रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक के समीप पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। मृतक युवक की पहचान बुटीमोड़ निवासी गोरे बहादुर के बड़े बेटे रवि बहादुर (35) के रूप में की गयी है। बताया जा रहा है कि रवि नशे की हालत में रेलवे लाइन पार कर रहा था, इसी क्रम में गोड्डा रांची ट्रेन की चपेट में आ गया। इधर, टाटीसिलवे पुलिस व रेलवे पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया।

## भारती बीएड कॉलेज में हुआ कैंपस सेलेक्शन

**विभिन्न स्कूलों में किया गया 40 विद्यार्थियों का चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में भारथी कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त बी.एड. एवं डी.एल.एड के विद्यार्थियों के लिए कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। इसके लिए रांची तथा मांडर प्रखंड के विद्यालयों के प्राचार्य व प्रबंधक से संपर्क कर वहां रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए महाविद्यालय आने के लिए आग्रह किया गया था। इस आग्रह को स्वीकार करते हुए दर्जनों स्कूलों के प्रबंधक व प्राचार्य भारथी कॉलेज पहुंचे। दूसरी तरफ पिछले 05 साल में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को बुलाया गया। जिसमें लगभग बी.एड. व डी.एल.एड के 150 से अधिक विद्यार्थी भाग लिये। यह आयोजन भारथी कॉलेज के प्रांगण में संपन्न किया गया। लगभग 40 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों में किया गया। महाविद्यालय आने वाले स्कूलों में संत जगत ज्ञान नगड़ी, डी.ए.वी. आर्या कमड़े/माण्डर, संत कोलम्बस स्कूल ओ.टी.सी./पंडरा/मुरगू, वंडरलैंड स्कूल माण्डर, डॉल्फिन किंटरगार्टन बरियातू, दर-अल-आरकम स्कूल माण्डर, संत लॉरेन्स स्कूल रातू के निदेशक/प्राचार्य ने अपना बहुमूल्य समय देकर विद्यार्थियों का चयन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि भारथी कॉलेज न केवल विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रहा है बल्कि उन्हें नियोजित करने के लिए भी प्रयासरत है। उन्हें नियोजित देखकर बहुत खुशी होती है। इस अवसर पर डी.एल.एड विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने प्रेजेन्टेशन देते हुए महाविद्यालय के स्थापना से लेकर अब तक का सजीव प्रस्तुतिकरण किया।

इस संस्था के संस्थापक, अध्यक्ष, निदेशक नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर का संस्था के प्रति समर्पण एवं विस्तृत परिचय, आधारभूत संरचना, चल रहे कोर्सो के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया गया ताकि इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लोग ले सकें।

कार्यक्रम में प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय, राकेश कुमार रॉय व मनोज कुमार सहित व्याख्याता मधु रंजन, रिभा कुमारी, विनीता चौधरी, विवेक राज, अर्चना तिवारी, कृपाशंकर, शिक्षाकेत्तर कर्मचारी तुलसी दास, सुरेंद्र सिंह सहित सभी छात्र/छात्राएं मौजूद थे।

### कार्यक्रम : बेड़ो में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव मना

# छात्र-छात्राओं ने रंगारंक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

**विद्यालय परिवार ने अतिथियों का अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बेड़ो।** प्रखंड के हांटु गांव स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में चौथा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नागपुरी कवि क्षितिज कुमार राय, मुखिया अनिता बाड़ा, पंसस बेरोनिका बाड़ा, सरीफ बड़ाईक, बुधराम बाड़ा, मुश्ताक मिरदाहा, सेवानिवृत्त शिक्षक मो. समीर व स्कूल के निदेशक सईम हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां विद्यालय परिवार ने अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

मौके पर क्षितिज कुमार राय ने कहा प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहा है। जहां बच्चों के विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा पूरे प्रखंड में इस स्कूल की अलग पहचान बन गई है। निदेशक सईम हुसैन ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

विद्यालय में बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रधानाध्यपक भीखराम उरांव ने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। वहीं छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नूरी, जोन खेस, जनक यादव, सुनील मेहरा, सोनी उरांव, अंजुम, अनूपा कुमारी, सहेना परवीन, दीप्ती कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय नामकुम एवं वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने संयुक्त रूप से सोमवार को हुडवा पंचायत के ग्राम सहेदा में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरुआत मध्य विद्यालय सहेदा से की गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच जागरूकता, योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने एवं 37 लंबित आवासों का निर्माण ससमय पूर्ण कराने हेतु यह रैली आयोजित की गयी। योजना के बारे में जानकारी देते हुए बीडीओ नामकुम ने सभी चयनित लाभार्थियों को आवास निर्माण का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने की बात कही। आवास के लाभुकों में मनसा देवी, सूरज उरांव, सारो देवी एवं अन्य लाभुक उपस्थित थे। साथ ही वृद्धा पेंशन योजना के छुटे हुये लाभुकों को भी चिन्हित कर पेंशन फॉर्म भरने को कहा गया। मौके पर नामकुम बीडीओ ज्ञान शंकर जायसवाल, एलईओ नामकुम रेनू कुमारी, जिप सदस्य रीता होरो, पंसस कल्याण लिंडा, मुखिया, शिवचरण कच्छप, मिथिलेश कुमार सिन्हा, रुस्तम कच्छप, विजेन्द्र उरांव, राजेश कुमार, आंगनबाड़ी सेविका सहिया, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण सहित एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पणा शर्मा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ. कौशल किशोर, एनएसएस मेंबर्स देवयानी के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

## श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा राम नवमी पूजा समिति ने की मां कात्यायनी की पूजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा राम नवमी पूजा समिति के तत्वावधान में सोमवार को षष्ठी स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा के साथ सप्तशती का पाठ हुआ। दूसरे पहर में शाम 4 बजे मां दुर्गा की नव पत्रिका के साथ बेलबरन की पूजा शुरू हुई। जिसमें नौ प्रकार के पौधों को एकत्र कर नव पत्रिका के पूजन के साथ बेल बरन का पूजन किया गया। पूजन के विधि होने के पश्चात मां को भोग में फल मेवा लगाया गया और संध्या आरती की गयी। पूजा में पुरोहित अजीत चक्रवर्ती, जजमान भूनु साहू एवं उनकी पत्नी बबलू चौधरी ने उपवास रखकर मां की पूजा अर्चना कर रहे हैं। पूजा को सफल बनाने में संरक्षक शंकर महतो, आनंद केसरी, अध्यक्ष विकास जयसवाल, दीपेश पाठक बाबा, नीरज सिंह, राजेश, विष्णु, शेखर, पंकज, संतोष, मनोज, रवि, अनूप, अमर, सोनू, जॉनी , संदीप, बबलू, रवि, राजू, अनूप, आशीत, शिवम मोदी, सोनू, यशराज, प्रिंस, राजू, बबलू, आदि लगे हुए हैं।

## टाटी पश्चिमी पंचायत में लगा नेत्र जांच शिविर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शालिनी अस्पताल एवं साइटसेवर्स के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को टाटीसिल्वे के टाटी पश्चिमी पंचायत भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन टाटी पश्चिमी मुखिया सुनीता देवी एवं पंसस इंदु देवी ने किया। शिविर में लगभग 85 लोगों का नेत्र जांच कर दवा वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास, शिशिर कुमार भगत, रविंद्र नाथ पांडे, मुकेश कुमार, दिलीप मुंडा, विजेंद्र कुमार, मोहर महतो, संपूणानंद महतो, सीताराम साहू का विशेष योगदान रहा।

## बारीडीह में भव्य कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। जहां महावीरी झंडा के साथ मंदिर परिसर से गणेश भगत व यजमान संजीव भगत सपत्नी माधुरी भगत की अगुवाई में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो बारीडीह गांव के पुल पहुंची। जहां पूजा अर्चना के बाद कलश में जल लेकर श्रद्धालुओं का जत्था पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी सोनू पंडा संतेश्वर पांडे, वैदिक अरविंद पांडे विवेक मिश्रा की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान में सर्ववेदी पूजन, अन्नाधिवास, संध्या आरती किया गया। मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, साधन कुमार राय, अजित कुमार राय, संजय कुमार राय, सुजीत कुमार राय, सुधीर भगत मौजूद थे। समारोह को सफल बनाने में महादेव टाना भगत, महेश गोप, कुलदीप गोप, सुनील उरांव, चरण लोहरा, कृष्णा लोहरा, जयराम गोप, जतरू उरांव, लिटिया उरांव, मोहन उरांव, संजय उरांव, जयराम गोप, राज लोहरा, राजदेव लोहरा सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## पिठोरिया गांव के डॉ शाश्वत कीर्ति केसरी का इंटरनल मेडिसिन न्यूयॉर्क यूएसए में हुआ चयन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया गांव के डॉ शाश्वत कृति केसरी ने उच्च चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपने गांव, शहर और झारखंड का मान बढ़ाया है। सन् 2015 में शाश्वत का चयन एमबीबीएस के लिए एम्स भोपाल में हुआ। वहां से एमबीबीएस करने के बाद उसने यूएसएमएलई की परीक्षा पास की। चार महीने अमेरिका में रहकर क्लिनिकल एक्सपीरियंस लिया। अंततः उसका चयन न्यूयॉर्क राज्य के मोन्टेफायरे संत लूकास कॉर्नबेल मेडिसन कॉलेज न्यूबर्ग में हो गया है। वहां से वह इंटरनल मेडिसिन में तीन साल तक रेसीडेंसी करेगा। ज्ञात हो कि यूएसएमएलई की परीक्षा में पूरे विश्व के डॉक्टर बैठते हैं, जिनमें से कुछ लोगों का ही चयन हो पाता है। शाश्वत रांची जिला के पिठोरिया गांव के साहित्यकार डॉक्टर बीपी केसरी का पोता है, जबकि उसकी मां डॉ सुनीता केसरी बीआईटी मेसरा में फिजिक्स की प्रोफेसर हैं और पिता डॉ संजय कुमार केसरी रांची के जाने-माने चिकित्सक रेडियोलॉजिस्ट हैं। शाश्वत की सफलता पर पूरा परिवार, पिठोरिया क्षेत्र और झारखंड गौरवान्वित है।

## पूर्व सीएम ने पलामू में किया नीलांबर-पीतांबर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

# कांग्रेस नेहरू परिवार के लिए अलग से कानून चाहती है, जो लोकतंत्र में संभव नहीं : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी सोमवार को कांग्रेस पर एक बार फिर से हमलावर दिखे। इस दिन पलामू में नीलांबर-पीतांबर के आदमकद प्रतिमा के अनावरण करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने की खबर कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। कांग्रेसी चाहते हैं कि नेहरू परिवार के लिए अलग से कानून बने, जो लोकतंत्र में संभव नहीं है। लोकतंत्र में सबके लिए समान कानून है। समान रूप से अपराध करने वालों को समान सजा मिलेगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री को गाली देते हैं तो हमलोग बर्दाश्त करते ही हैं। पार्टी को गाली देते ये भी हमलोग बर्दाश्त कर लेते, क्योंकि राजनीति में ये भी चलता है, लेकिन किसी वर्ग विशेष जाति को लेकर अगर आप गाली देंगे तो स्वाभाविक है उनको तकलीफ होगी। तकलीफ होगी तो वे मुकदमा करेंगे ही और केस होगी तो अदालत उस पर कार्रवाई करेगी ही। स्पष्ट नियम है कि दो साल या दो साल से ज्यादा की सजा होने पर सदस्यता चली जाएगी। इसमें भाजपा कहां से है।


पलामू में निलांबर-पितांबर की प्रतिमा के अनावरण पर पहुंचे बाबूलाल मरांडी।

### प्रधानमंत्री पहुंचा रहे महान सपूतों की जानकारी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में सिर्फ नेहरू परिवार या खास लोगों की ही भूमिका नहीं थी, बल्कि कई लोगों का योगदान रहा है। उनका नाम नहीं लिया जाता। जानबूझकर एक ही परिवार को महान बनाया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महान सपूतों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उन्हें सम्मान देने के लिए पहल की जा रही है। इस मौके पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे।

## वन विभाग ने हुसैनाबाद में हाथी के हमले में मारे गये व्यक्ति के परिजनों को दिया मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज वन विभाग कार्यालय में हाथी के हमले से मारे गए हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के दो व्यक्ति के परिजनों को विभाग द्वारा मुआवजा राशि का चेक सौंपा गया। बतातें चलें कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला चौबे निवासी मनोज राम व बनियाडीह बराही पंचायत के किशुनपुर गांव निवासी वंशी मेहता को साल 2022 के दिसंबर महीने में हाथियों ने कुचलकर मार दिया था। घटना के बाद हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता के सार्थक प्रयास से घटना के करीब चार माह बाद मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि प्राप्त हुआ है। सोमवार को वन विभाग के पदाधिकारियों ने अपने कार्यालय परिसर में मृतक मनोज राम की आश्रित पत्नी शिला देवी व वंशी मेहता की पत्नी कलपतिया देवी को मुआवजे की राशि का चेक प्रदान किया। मोहम्मदगंज के प्रभारी वन पाल मिथुन रजक ने बताया कि मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि वन विभाग के क्षेत्र पदाधिकारी संजीव चौधरी के निर्देश पर प्रदान कर दिया गया है। बताया कि घटना के बाद मृतक के आश्रित को तत्काल सहायता के रूप में 25-25 हजार रुपये नगद राशि दी गई थी। इसके बाद मुआवजा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक आश्रित को तीन लाख 75 हजार रुपये का चेक दिया गया है। दोनों मृतक परिवार के परिजनों को हुसैनाबाद उत्तरी के जिप सदस्य राजू मेहता व वन रक्षी राजू रंजन कुमार, अखिलेश कुमार दास समेत अन्य ग्रामीण की उपस्थिति में वन विभाग के वनपाल ने चेक सौंपा।

## स्कूनकर ओपन चैंपिनयशिप का समापन, जॉनसन बना विजेता



रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू के गेमर्स गैराज में आयोजित चार दिवसीय सेकंड रांची स्नूकर ओपन चैंपियनशिप 2023 का रविवार को समापन हो गया। इसमें मास्टर स्नूकर 15 रेड में जॉनसन विजेता बना, जबकि यश किंगर उपविजेता रहा। वहीं, मास्टर 6 रेड में यश किंगर विजेता, जबकि चाहत राज उपविजेता रहा। दूसरी ओर, मिनी स्नूकर 15 रेड में डॉ स्नेहांशु साहा विजेता और कशिश उपविजेता रहा। मिनी स्नूकर 6 रेड में डॉ स्नेहांशु साहा विजेता और प्रतीक लाल उपविजेता रहा। फाइनल मैच के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डॉ मोहम्मद जाकिर ने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, नकद एवं मेंबरशिप कार्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर हरीश, डॉ शाश्वत केसरी, डॉ वैभव, खेतान, विकास, इंदर, सिद्धू, समीर, मेजर आदि थे।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**नौडीहा बाजार/पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के पेट्रोल पंप के पास दोपहर 1.30 बजे दो बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन घायल हो गए। मृतक की पहचान बादल (16) के रूप में हुई है। वह खैरादोहर पंचायत के ग्राम सिलदा खुर्द के कर्मडीहा टोला का रहने वाला था। वह आर्दश उच्च विद्यालय सरईडीह के मैट्रीक का छात्र था। जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर बादल अपने दोस्त प्रवेश कुमार के साथ नामुदाग मध्य विद्यालय में परीक्षा देकर नौडीहा बाजार जा रहे थे। तभी विपरित दिशा से बाइक पर सवार दो युवक लौट रहे थे। दोनों पचमो के निवासी बताए जाते हैं। पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइक के बीच सीधे टक्कर हो गई, जिसमें बादल घायल हो गया। उसे छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से सुदूरवर्ती क्षेत्र सरसोत पंचायत के ग्राम लूकुआ में सोमवार को 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि पहले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो जल गया था। ग्रामीणों की मांग पर इसकी जानकारी विधायक प्रतिनिधि ने क्षेत्रीय विधायक को दी थी। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से बात कर उक्त स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगवाया दिया। इसके लिए लुकुवा के ग्रामीणों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार जताया है। मौके पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता रामवृक्ष मस्ताना, जितेंद्र कुमार मेहता, विजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार के अलावे ग्रामीण मौजूद थे।

## दादी जानकी का जीवन सच्चाई और सादगी की रही मिशाल : बीके नीलम

### सद्भावना भवन में दादी जानकी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शहर के सद्भावना भवन स्थित ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्म कुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की तीसरी पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें बीके नीलम, बीके नम्रता, बीके पूनम, बीके कुसुम, बीके रितिक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बीके नीलम ने कहा कि दादी जानकी समस्त विश्व में नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत थीं। दादी का जीवन सच्चाई और सादगी की मिशाल रहा है। स्वच्छ अभियान की ब्रांड एंबेसडर के रूप में उन्होंने पूरे भारत में स्वच्छता के प्रति जागृति लाने का अभिनव प्रयास किया। मार्च 2020 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी का निधन हो गया था। 104 साल की उम्र तक दादी जानकी ने समाज और खासकर युवाओं और नारी उत्थान के लिए कई कार्य किए थे। उन्हीं के सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया। इस मौके पर बीके दादो, बी धीरज, बीके नीरज, नमन, रामनरेश यादव, शिवनारायण, आनंद किशोर भगत, बीके कृष्णा, बीके शोभा, कुसुम, ललिता, नीरज, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## नाली का पानी बहाने के विवाद को लेकर मारपीट, चार घायल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दरूआ बेनी पंचायत के विशुनपुर गांव में नाली के पानी बहाव के विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें वेंकटेश्वर सिंह और उनकी पत्नी सुनीता देवी, जबकि स्वाति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के मुकेश कुमार सिंह को मामूली चोट आयी है। सभी घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वेंकटश्वर सिंह और उनकी पत्नी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया, जबकि स्वाति कुमारी और मुकेश सिंह आदि का वहीं इलाज चल रहा है।































### अवैध उत्खनन और कोयला चोरी की शिकायत पर छापामारी करने पहुंची थी क्यूआरटी टीम

# सीआइएसएफ की पेट्रोलिंग टीम पर चोरों ने की पत्थरबाजी, एक घायल, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** डेको आउटसोर्सिंग जरलाही फेस में रविवार की देर रात सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम पर कोयला चोरों ने अचानक पथराव कर दिया। जिसमें एक जवान चोटिल हो गया। इसके बाद सीआइएसएफ के चोटिल जवान की लिखित शिकायत पर बरोरा पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी पहचान शंकर मंडल उर्फ पिचा के रूप में हुई है। वहीं, सीआइएसएफ जवान जीडी शाम दत्त ने बरोरा पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया की रविवार को दूसरी पाली दो से 10 बजे तक क्यूआरटी टीम ड्यूटी में थी। रात करीब नौ बजे डेको आउटसोर्सिंग माइंस के जरलाही फेस में पेट्रोलिंग के दौरान देखा गया कि 50-60 से अधिक चोर कोयला चोरी करने के लिए आउटसोर्सिंग के फेस में अवैध उत्खनन कर रहे थे। कोयला चोरों को माइंस से हटाने के क्रम मे शंकर मंडल उर्फ पिचा व अन्य कोयला चोरों ने पत्थराव कर दिया, जिससे एक पत्थर उनके सिर पर लगा और वे चोटिल हो गया। क्यूआरटी प्रभारी ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए फोन से विभाग के वरीय अधिकारीगण को सूचना दी और अतिरिक्त बल की मांग की। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल के आते ही कोयला चोर बस्ती की तरफ भाग गए। जिसके बाद टीम ने इलाज के लिए बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल डुमरा में भर्ती कराया।


हमलावर को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

### आरोपित को गिरफ्तार कर भेज दिया गया है जेल : थाना प्रभारी

**इस संबंध में बरोरा थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया की रविवार की रात सीआइएसएफ टीम पर कुछ चोरों ने पथराव किया था। जिसमें जवान चोटिल हो गया था। उसकी लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर नामजद अभियुक्त शंकर मंडल उर्फ पिचा को सोमवार को माथाबांध ग्राउंड के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।**

## सीसीएल और सीआइएसएफ की संयुक्त छापामारी में पांच टन अवैध कोयला जब्त



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एसडीओसीएम (कल्याणी) परियोजना अंतर्गत एमपीएस साइडिंग के आरएस भट्ठा के समीप सीसीएल सुरक्षा विभाग और सीआइएसएफ ने संयुक्त रूप से कोयला चोरी के विरुद्ध छापामारी की। इस दौरान लगभग पांच टन अवैध कच्चा कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयले को ट्रैक्टर से कांटा कराकर बाटम क्वारी कोल डिपो में अनलोड किया गया। छापामारी का नेतृत्व कर रहे सीसीएल ढोरी के सुरक्षा अधिकारी सीताराम युईके ने कहा कि यह छापामारी गुप्त सूचना के आधार पर ढोरी महाप्रबंधक के आदेश पर किया गया है। वित्तीय वर्ष में मात्र तीन दिन ही बचे है। हम सभी का कोयला चोरी रोकने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। हमारा प्रयास है कि ढोरी क्षेत्र से कोयला चोरी पर पूर्ण रूप से विराम लगे। उन्होंने कहा कि छापामारी लगातार चलता रहेगा। अगर कोई कोयला चोरी करते पकड़ा गया तो थाने में एफआइआर किया जाएगा। छापामारी में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी उमाशंकर महतो, कल्याणी सुरक्षा इंचार्ज उमेशवर प्रसाद, अनाम वारिस, मानिक दिगार जितेंद्र रजक, सीआईएसएफ क्राइम से राजीव रंजन कुमार आदि शामिल थे।

# वेतन समझौता लागू करने की मांग को लेकर बीसीसीएल मुख्यालय पर जमसं का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** समझौते पर सहमति बनने के बाद भी उसका अनुपालन नहीं होने को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मजदूर संगठन जनता मजदूर संघ (जमसं) ने सोमवार को बीसीसीएल और सीसीएल मुख्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल मिश्रा और संचालन रंजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विगत 23 जनवरी को हुए जेबीसीसीआइ की बैठक में कोयला श्रमिकों को 19 फीसदी एमजीबी देने के संबंध में प्रबंधन और यूनियन सदस्यों के बीच सहमति बनी थी, लेकिन दो माह गुजरने के बाद भी उसके अनुपालन की सुगबुगाहट तक नहीं हुई। जो अत्यंत दुखद है। इसे लेकर जमसं ने आंदोलन करने का निर्णय लिया और आज दोनों मुख्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए वेतन समझौते को जल्द लागू करने के लिए कोल इंडिया के चेयरमैन और कोयला मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन करने वालों में संजीत सिंह, गोपाल मिश्रा, रंजय कुमार, अरविंद सिंह, सतेंद्र सिंह, अरुण पांडे, रमेश सिंह, अनिल नोनिया, मनोज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, रामेश्वर सिंह, राजेंद्र प्रसाद सहित सभी केंद्रीय पदाधिकारी और क्षेत्रीय अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।




## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।

### Very Short Time E-Procurement Notice

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ के नवनिर्मित कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर को सरकारी बैंक/सरकारी बैंक/अर्द्ध सरकारी बैंक/निबंधित फार्म/निबंधित संस्थान/यथा बैंक/एल0आई0सी0 इत्यादि को कार्यालय हेतु बन्दोबस्ती प्रक्रिया 01 वर्ष के लिए दिनांक 28/03/2023 से E-Procurement Notice के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त की जानी है। उच्चतम दर वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित स्थल का नाम | आकार/क्षेत्रफल | जमानत की राशि | प्रति माह/प्रति वर्गफीट की न्यूनतम डाक बोली की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद् कार्यालय निचला तल | 4675.17 वर्गफीट | 50000/–रू0 | 12/– रू0 |

जमानत की राशि का बैंक ड्राफ्ट नगर परिषद्, रामगढ़ के नाम से देय होगा।

| प्रस्ताव प्रारंभ की तिथि | प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि | प्रस्ताव निष्पादन की तिथि |
|---|---|---|
| दिनांक 28/03/2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अप0 05.00 बजे तक | दिनांक 10/04/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक | दिनांक 11/04/2023 अपराह्न 02:00 बजे |

नोट :– बन्दोबस्ती की नियम एवं शर्तें वेबसाइड http://www.jharkhandtenders.gov.in पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 293643 (District) 22-23 (D)


# अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर व्रतियों ने छठ मइया से मांगा सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद

आजाद सिपाही टीम





**धनबाद।** जिले में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने नदी व तालाब घाट पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख-शांति की कामना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दोपहर से ही नदी घाट पहुंच गए थे। महापर्व को लेकर विभिन्न छठ पूजा कमेटियों की ओर से जरूरी बंदोबस्त किए गए थे। चैती छठ पूजा के शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अपने आवास सिंह मेंशन स्थित छठ तालाब में पूरे परिवार के साथ पूजा की एवं अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंकर समस्त कोयलांचल वासी सहित परिवार की शुख शांति एवं समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। दूसरी ओर, गलफरबाड़ी ओपी अंतर्गत कृष्णा कांटा के समीप इस वर्ष भी कृष्णा कांटा छठ घाट में कृष्णा कांटा छठ घाट समिति की ओर से घाटों की साफ-सफाई, ब्लचिंग पाउडर का छिड़काव और छठ व्रतियो के आने-जाने वाले रास्ते में पानी का छिड़काव किया गया था। इसमें लाल बाबू यादव, अरुण सिंह, देवेंद्र भगत, वरूण पांडेय, अमित मिश्रा, बिट्टू गुप्ता और अनुज गुप्ता आदि की भूमिका सक्रिय रही।

**लोयाबाद में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा महापर्व छठ :** लोयाबाद में जगह-जगह लोक आस्था का महापर्व चैती छठ श्रद्धा के साथ मनाया गया। सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया गया। महापर्व छठ वर्ष में दो बार मनाया जाता है। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को चैती छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाये जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है। व्रतियों ने बताया कि पारिवारिक सुख-समृद्धि, मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। मंगलवार की सुबह उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा।

**चिरकुंडा व मैथन में चैती छठपूजा की धूम :** चिरकुंडा क्षेत्र में महापर्व चैती छठ की धूम है। सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। पूजा को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैथन डैम पहुंचे थे। हालांकि व्रतियों की संख्या कार्तिक मास की अपेक्षा काफी कम दिखी। अर्घ्य अर्पित करने से पूर्व व्रती जल में खड़े होकर आदिदेव भुवन भास्कर को नमन कर परिवार, समाज की सुख-शांति के लिए मंगल कामना की।

**अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य :** लोक आस्था के चार दिवसीय महा पर्व छठ पूजा पूरे विधि विधान के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार की छठ ब्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कतरास कोयलांचल के सभी नदी, जोरिया, तालाब व सूर्य मंदिर छठ तालाब, घाटों पर छठ वर्तियों व श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को दूध-जल अर्पण कर निरोगी काया,धन धान्य, सुख, ऐश्वर्य के लिए छठी मईया से आशीर्वाद मांगा। कतरास के कतरी नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट, राजागढ़ छठ घाट, बाघमारा बड़का छठ घाट, माटीगढ डैम छठ घाट, हरिना सायर बांध तालाब, डूमरा राजा बांध तालाब आदि सभी छठ घाटों में छठ ब्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

## अभिवावक और छात्रों को किया गया सम्मानित



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती योजनानुसार बाघमारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार से तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजिन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडेय और प्राचार्य संतोष कुमार झा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रांतीय, क्षेत्रीय व अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं में पदक जीतने वाले छात्रों व उनके अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। वहीं, प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडेय ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में कुशल बनाना भी हमारा उद्देश्य है। मौके पर आरएसएस के धनबाद जिला के जिला संघचालक विशु रवानी भी उपस्थित थे।

### 60 डेसिबल से ज्यादा ध्वनि पर नहीं बजेगा डीजे, आखाड़ा समिति एवं डीजे संचालक करेंगे सुनिश्चित

# शांति-सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनायें रामनवमी-रमजान: बोकारो डीसी

**कहा- प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देश का करें पालन, लापरवाही पर कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामनवमी-रमजान की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीसी-एसपी व अन्य।

**बोकारो।** चास कला संस्कृति भवन सभागार में रामनवमी और रमजान पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संबंधित दंडाधिकारी-बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारी, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष-सचिव, डीजे संचालक, पंचायत प्रतिनिधियों आदि के साथ बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने संयुक्त बैठक की। डीसी ने कहा कि इस वर्ष लगभग 334 बड़े-छोटे जगहों पर रामनवमी त्योहार मनाया जा रहा है। थाना-प्रखंड-अनुमंडल आदि स्तरों पर सभी अखाड़ा समितियों के साथ आयोजन को लेकर चर्चा हुई है। प्रशासन ने जो दिशा-निर्देश व नियम बनाएं हैं, सभी उसका शतप्रतिशत अनुपालन करेंगे। कहीं किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो। सभी अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी-बीडीओ-सीओ से समन्वय एवं संपर्क में रहेंगे। हम सभी की एक की मंशा है कि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो। कहीं कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो। आप सभी से अपील कि अब तक जैसा आप सबों ने जिला प्रशासन का सहयोग किया है, उसे आगे भी बनाएं रखें। डीसी ने सभी दंडाधिकारियों- पुलिस अधिकारी-बीडीओ- सीओ व थाना प्रभारी को क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी ससमय अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देंगे। आवश्यकतानुसार सख्ती बरतने की भी बात कहीं। दूसरी ओर, एसपी चंदन झा ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जो भी निर्णय लिए गए हैं उसमें आप सबों की सहमति रहती है। क्या करना है और क्या नहीं इससे सभी को अवगत करा दिया गया है। अगर कोई बात होती है, तो अविलंब अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी से संपर्क करें। सभी समिति एक-दूसरे का संपर्क नंबर साझा कर लें। अगर जरूरत पड़े तो आप हमसे भी सीधे संपर्क कर सकते हैं। वहीं, नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने विस्तार से रामनवमी पर्व को लेकर तय दिशा झ निर्देश से सभी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष/सचिव, डीजे संचालक, प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ने कहा कि संवेदनशील स्थानों (मस्जिद के समीप आदि) से जुलूस को संयमित रूप से निकालने में स्थानीय प्रशासन के साथ अखाड़ा समिति का भी नैतिक जिम्मेवारी है। वह वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-पुलिस बल का सहयोग करेंगे। चास के अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी डीजे संचालकों को 60 डेसिबल से ज्यादा ध्वनी पर गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया है। कहा कि कौन-कौन से गाने बजेंगे, कौन से वाहन का इस्तेमाल जुलूस/डीजे संचालन में किया जाएगा, जो समिति जानकारी अब तक थाने को जानकारी उपलब्ध नहीं किए हैं, वह अविलंब जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा छोटे-बड़े कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। किसी भी अप्रिय घटना एवं आसामाजिक/संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब जिला नियंत्रण कक्ष नंबर 06542 - 223474/247891, वाट्स एप नंबर 8986660333 अथवा डायल 100/112 पर सूचित करेंगे। इस मौके पर मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जेम्स सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन आदि उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## योजना एवं विकास विभाग, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय

योजना भवन, द्वितीय तल, झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाऊस परिसर, डोरण्डा, राँची–834002
e-mail-dsejharkhand@gmail.com/Website-desjharkhand.nic.in

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

योजना एवं विकास विभाग अर्न्तगत अर्थ एव सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा **"झारखण्ड ए स्टैटिस्टीकल प्रोफाईल–2022"** पुस्तक के मुद्रण हेतु मानक स्तर के प्रिन्टर्स से निम्न शर्तों के साथ अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। पुस्तक के मुद्रण में निम्नांकित मापदण्ड के कागज रहेंगे तथा पुस्तकों की कुल संख्या 500 प्रति होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | साईज | – | ¼ Dimy. |
| 2 | बुक का कवर पेज | – | 300 GSM Multicolour with Lamination Glue Binding. |
| 3 | अन्दर के पृष्ट 216 | – | Black & White Text, 100 GSM Art Paper. |
| 4 | अन्दर के पृष्ट 48 | – | Multicolour Text 100 GSM Art Paper. |

पुस्तकों के मुद्रण की दर में मल्टीकलर कवर, मल्टीकलर एवं श्वेत/श्याम अन्दर के पृष्टों का डिजाईनिंग, मुद्रण, लिमिनेशन, वाईन्डिग आदि दर सभी कर सहित रहेंगे तथा मुद्रण का दर सूचना एवं जनसम्पर्क द्वारा निर्धारित दर सामान या उससे कम होना चाहिए।

इच्छुक प्रतिष्ठान दिनांक 05.04.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक निविदा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची, योजना भवन, द्वितीय तल, कमरा न0– 219 में जमा करेंगे। निविदा इच्छुक प्रतिष्ठान के स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 06.04.2023 के पूर्वाह्न 12.00 बजे खोला जायेगा।

सहायक निदेशक
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची

PR 293619 Planning and Development(22-23)#D

## MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA

### Very Urgent e-Procurement Re-Tender II call

**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-01/2022-23 Date :- 27.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of Tender on website | 06.04.2023 |
| 2 | Last date/Time for submission of Bids | 12.04.2023 |
| 3 | Date of opening of e-Tender | 15.04.2023 at 2.00 pm |
| 4 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 5(a) | Contact no. of Procurement officer | 8210684027 |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 6 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2210618 |
| 7 | Date, Time & Place for receipt of Bids fee Security and other documents.(In Hard copy) | 13.04.2023 at Minor Irrigation Division, Chatra between 10.00am to 2.00 pm |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated cost | Earnest Money | BOQ Cost | Time Of Complation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Chamrahi Ahar, Vill. -Khapiya, GP.-Sikidag, Kunda, Chatra. | 2490400.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 2 | 2 | Renovation of Kani Ahar, Vill. -Besra, GP.-Bodhadih, Kunda, Chatra. | 2396900.00 | 48000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 3 | 3 | Renovation of Baherabandh Ahar, Vill. -Hafua, GP.-Bagra, Simaria, Chatra. | 2496400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 4 | 4 | Renovation of Ahari Ahar, Vill. -Tilara, GP.- Manjhgawa, Mayurhund, Chatra. | 2474100.00 | 49500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 5 | 5 | Renovation of Barka Ahar, Vill. -Koyeli, GP.- Petadari, Mayurhund, Chatra. | 2493200.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Chatra.

PR 293676 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**आम सूचना-II**

**नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधी सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू कर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित शिकायत प्रखण्ड के विरूद्ध नामित सहायक अभियंता/प्राक्कलन पदाधिकारी/कनीय अभियंता के मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे।

(क) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष : E-mail ID – eedwsd.medininagar@gmail.com

| क्र0 सं0 | नियंत्रण कक्ष स्थल | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय, E.E - Mob. & Whatsapp No. 9835068475 | मो0 सलीम अंसारी, निम्न वर्गीय लिपिक – 9939186845<br>मो0 फैसल आलम, निम्न वर्गीय लिपिक – 7488425718<br>श्री मनोज कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक – 9153725151 |
| 2 | राज्य स्तरीय Call Centre | 1800-3456-502 (Toll Free no.) & Mob No. 9470176901<br>E-mail ID – callcentredwsd.jharkhand@gmail.com |

(ख) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष

| क्र0सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | प्रखंड का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हरेराम सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड़, | 9031196860 |
| 2. | श्री प्रेम कुमार महतो, प्राक्कलन पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। सहायक अभियंता (अतिरिक्त प्रभार), पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला/पाँकी। | लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पाँकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 9931517208 |
| 3. | श्री रणवीर सिंह, कनीय अभियंता | मेदिनीनगर, सतबरवा, लेस्लीगंज, चैनपुर, रामगढ़ | 9431136123<br>8873404000 |
| 4. | श्री ददन राम, कनीय अभियंता | विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड, मनातू, तरहसी | 7250723350 |
| 5. | श्री सरयु प्रसाद मेहता, कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, पाटन, पड़वा, पाँकी, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 9430186764<br>9973457140 |

उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है, जो कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय के संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्त हो सकेंगी तथा चापाकल मरम्मति यथाशीघ्र सुनिश्चित की जायेगी।

अपनी शिकायत 9939186845 **No.** पर **Whats app** के जरिये भी भेज सकते हैं।

!!जल बचाओं, जीवन बचाओं !!   !!बूंद – बूंद अनमोल, पलामू !!

(आशुतोष कुमार)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 293694 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

# YBN UNIVERSITY

Established by the Jharkhand Act of 15, 2017 Gazette Notificaiton No. 505 dated 17th July 2017, Published by Govt. of Jharkhand as per Section 2(f) of UGC Act 1956

Rajaulatu Namkum Ranchi 834010

APPROVALS

- झारखण्ड सरकार Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2017
- ज्ञान–विज्ञान विमुक्तये Recognized under section 2 (f) of UGC Act.
- NCTE App. by NCTE for Education Programme
- App. by PCI for Pharmacy
- App. by BCI for Law Programme
- App. by : Indian Nursing Council
- App. by : Jharkhand Paramedical Council

## ADMISSION OPEN 2023-2024



Under Scholarship Admission Open | Bus Facility | Separate Hostel for Boys & Girls | Free Coaching Classes for Govt. Jobs



### PHARMACY
- B. Pharm • D. Pharm

### NURSING
- B.Sc. Nursing
- Post Basic B.Sc. Nursing
- B.Sc. Community Health Sc.
- G.N.M. • A.N.M.

### PHYSIOTHERAPY
- B.P.T. • M.P.T.

### JOUR. & MASS COMM.
- M.A. • B.A.
- Diploma

### COMMERCE & MANAGEMENT
- M.B.A. (HR/Fin./Mkt/Retail Mang./Hospital Management)
- B.B.A. • M.Com
- B.Com

### AGRICULTURAL SCIENCE
- MBA (Agri, Business & Value Change Mgmt.)
- M.Sc. Agriculture
- B.Sc. Agriculture
- Diploma in Agriculture

### EDUCATION
- B.Ed • D.El.Ed.
- BA (Education)
- MA (Education)

### BASIC SCIENCE
- M.Sc. • B.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Biotech, Microbiology, Botany, Zoology), Bio-Chemistry

### POLYTECHNIC
- Mechanical
- Electrical • Civil
- Electrical & Electronics

### TOURISM & TRAVEL
- MBA • BBA • Diploma

### YOGA SCIENCE
- PGDY • Diploma in Yoga

### LAW
- L.L.B. • BBA • LL.B.

### ENGINEERING
- Mechanical • Electrical
- Civil • Electrical & Electronics
- Computer Engineering

### PARA MEDICAL
B.Sc. in
- Medical Lab Technology
- Radiation & Imaging Technology
- Operation Theater Technology
- Anesthesia
- Microbiology
- Biotechnology
- Biochemistry

### LIBRARY & INFORMATION SC
- M.Libs. • B.Libs.

### COMPUTER SCIENCE
- MCA • BCA
- PGDCA • DCA

### ARTS
- MA, BA (Hindi, English, Sociology, Sanskrit, Geography, Political Science, Psychology, History, Home Science, Music, Economics)

### INTRODUCING NEW COURSES
- BCA with Date Science, Artificial Intelligence (AI) & Machine Learning (ML)
- BBA with Corporate
- BBA in Hotel Management
- BBA in Fashion Designing & Management

**All Ph.D. Programme under UGC Regulations 2016**

**Admission Helpline** 9153882055/56, 7061261557, 8882451992

**Helpline** : ybnuniversity2017@gmail.com • **Website** : www.ybnu.ac.in

Applications invited for **Professor, Associate Professor, Assistant Professor in Library Science, Pharmacy, Nursing, Education** and many more departments please send resume on E-mail on **ybnuniversity 2017@gmail.com**



**बैधनाथ यादव**
कुलाधिपति

"हमारी सफलता का मूलमंत्र रोजगारपरक शिक्षा मुहैया कराना है। हमारी अनुभवी फैकल्टी विद्यार्थियों को पूरी शिद्दत से नवीन ज्ञान के साथ नई दिशा दे रही है। मेरी प्रारम्भ से यही सोच रही है, विश्वविद्यालय में वे कोर्स ही उपलब्ध होंगे , जो जॉब ऑरिएंटेड हों। मेरे लिए समाज और देश हमेशा सर्वोपरि रहा हैं। इनके कल्याण की खातिर ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा है। छात्र-छात्राओं को अनुभवी व कुशल फैकल्टीज तकनीकी ज्ञान, व्यक्तित्व विकास और अन्य आवश्यक विषयों में नियमित ट्रेनिंग देती हैं। हम अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों को समय-समय पर इंटरनेशनल मानकों के अनुरुप अपडेट करते रहते हैं। देश और विदेश में इंडस्ट्री की जरुरतों पर हमारी कड़ी नजर रहती है।

"अपनी स्थापना के बाद से, 'स्वतंत्रता और नवाचार' के विचार के आधार पर, वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को कौशल और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करती है। विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में प्रगति पर है। वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय न केवल कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए अपने विद्यार्थियों का पोषण करती है, बल्कि उन्हें वैश्विक अनुसंधान के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति संवेदनशील भी बनाती है। मुझे आशा है कि वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शोध कार्य देश व समाज के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं।



**रामजी यादव**
संस्थापक और अध्यक्ष



**ई. दीपक कुमार**
सी.ई.ओ.

"हमारा देश भारत विश्व की तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। एक तरफ जहां देश के युवा आगे बढ़ने के सपने देख रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ एकेडेमिक में दी जा रही शिक्षा और इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के बीच भारी अंतर के कारण उन्हें समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। सही मार्गदर्शन व सही दिशा में उठाया गया एक कदम युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है । इसी को ध्यान में रखकर वाईबीएन विश्वविद्यालय ने अपना खास एकेडिमक मॉडल बनाया है जो कि इंडस्ट्री की आवश्यकताओं व एकेडेमिक शिक्षा के बीच के अंतर को कम करता है । हम छात्र छात्राओं को बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

"मनुष्य का जीवन शिक्षा के बिना अधूरा होता है। शिक्षा मनुष्य के भीतर अच्छे विचारों का निर्माण करती है तथा जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। बेहतर समाज के निर्माण में सुशिक्षित नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए शिक्षा मानव जीवन के लिए जरूरी है, जो उसे ज्ञानी बनाती है। वाई. बी. एन. विश्वविद्यालय छात्रों को कारपोरेट क्षेत्र के साथ-साथ वैश्विक अनुसंधान के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति संवेदनशील भी बनाता है तथा उन्हें एक बेहतर इंसान बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है।



**प्रो. (डॉ.) एस.पी. यादव**
कुलपति



**डॉ. अरविन्द कुमार**
एच.आर. निदेशक

"वाई. बी. एन. विश्वविद्यालय के महत्वाकांक्षा बच्चों को एक ओवरस्टीयर कैरियर प्रदान करना है। हमारा उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रदान करना है, जो संपूर्ण हो और प्रत्येक बच्चे के लिए अपने क्षेत्र में सर्वांगीण वृद्धि और विकास को बढ़ावा दे। अच्छी शिक्षा के साथ-साथ हम प्रत्येक बच्चे को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परीचित कराते हैं, जिससे उनके मन में राष्ट्र तथा सभी समुदाय के प्रति प्रेम और सम्मान बना रहे। हम प्रत्येक बच्चे के संचरण और सभ्यता का लक्ष्य रखते हैं, क्योंकि शिक्षा का आधार केवल ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिक जीवन जीने का मूल्य होना चाहिए।

# Y.B.N. PUBLIC SCHOOL

EDUCATION ENLIGHTENMENT EMPOWERMENT 2014

## C.B.S.E. Pattern School





## ADMISSION OPEN-2023-24
**FOR Class - Nur to VIII**

YBN Public School is a well acclaimed and prestigious school in Ranchi, Jharkhand. Managed by the private unaided unit and powered by LEAD, this co-ed English medium school renders the best learning environment to the students from nursery to grade 8th. The school is packed with a private building containing high-grade infrastructure and other facilities. The students enjoy access to highly advanced classrooms with AV setup and smart boards. The team of 14 certified and trained teachers adopts various advanced teaching techniques to make learning simple for the students. The management is concerned about the security and maintenance of the school. LEAD's ERP software supports the system of hybrid learning. The faculty gets tablets with ready made resources to provide the best guidance to the students. Candidates can apply online and complete registration which is followed by interaction with the head.



## Salient Features

- *Well Trained Teacher.*
- *Excellent Infrastructure.*
- *Smart Class Facilities*
- *Lab Facilities*
- *Emphasis on Improvement of weaker candidates*
- *Personality Development & Skill Development.*
- *Free Lab Facilities.*
- *Excellent Playground.*
- *Indoor/ Outdoor Games.*

## SCHOOL ACTIVITIES



Sector- 1, Near Panchmukhi Mandir, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand, 834004, Call 7061261552, 7759802900

www.ybnpublicschool.in ybnpsranchi@rediffmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**